शनिवार, 7 फरवरी 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 14 – 26 |
| आर्द्रता | 62% |
| सूर्योदय: 06:14 | सूर्यास्त: 17:28 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** सच बोलने का साहस कीजिये, परिणाम भुगतने की शक्ति परमात्मा देगा।



सहमति के आधार पर बालिगों को शादी का संवैधानिक अधिकार, माता-पिता हस्तक्षेप नहीं कर सकते: अदालत पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# शिक्षा बोझ महसूस नहीं होनी चाहिए, अंकों पर नहीं बल्कि जीवन बेहतर बनाने पर ध्यान दें विद्यार्थी: मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को छात्रों को सलाह दी कि वे देश में डेटा सस्ता होने के कारण इंटरनेट पर समय बर्बाद न करें और अपने जीवन और शैक्षिक कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित करें। मोदी ने 'प्रधानमंत्री के साथ परीक्षा पे चर्चा 2026' के नौवें संस्करण के दौरान छात्रों से बातचीत करते हुए कहा कि पढ़ाई बोझ नहीं होनी चाहिए और सभी को इसमें पूरी तरह से शामिल होना चाहिए क्योंकि आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती । उन्होंने यहां अपने आवास पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्यार्थियों के एक समूह से कहा, ''शिक्षा मजबूरी नहीं होनी चाहिए। शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए। हमारी पूरी तल्लीनता चाहिए। अगर पूरी तल्लीनता से पढ़ाई नहीं की है, तो फिर आधी-अधूरी शिक्षा, जीवन को कहीं सफल नहीं बनने देती।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''अंकों पर ध्यान देने के बजाय सभी को इस पर ध्यान देना चाहिए कि वे जीवन में कहां पहुंचे हैं। आपके माता-पिता, शिक्षक या साथी क्या कहते हैं, इससे फर्क नहीं पड़ता, खुद पर भरोसा रखिए और अपने सामने आने वाले सभी सुझावों पर विचार करते हुए अपने हिसाब से चलिए।'' मोदी ने बच्चों से कहा, ''हमारा लक्ष्य ऐसा होना चाहिए जो पहुंच के भीतर हो लेकिन आसानी से प्राप्त होने वाला न हो। पहले मन को साधो, फिर मन को जोड़ो और फिर जिन विषयों की पढ़ाई करनी है, उन्हें सामने रखो। तब आप हमेशा सफल होंगे।''

### गेमिंग केवल शौक नहीं, बल्कि कौशल भी; ऑनलाइन सट्टेबाजी से सावधान रहें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों से कहा कि गेमिंग सिर्फ एक शौक नहीं, बल्कि एक कौशल भी है। उन्होंने छात्रों को ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े खेलों के प्रति आगाह भी किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्रों से बातचीत करते हुए कहा कि अगर गेमिंग को एकाग्रता, संतुलन और नैतिक मूल्यों के साथ अपनाया जाए, तो यह एक उपयोगी कौशल और करियर विकल्प बन सकता है। हालांकि, मोदी ने छात्रों को ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े खेलों से दूर रहने की चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा, गेमिंग सिर्फ एक शौक नहीं है; यह एक कौशल है, जिसमें गति भी शामिल है। इसलिए यह विकास के लिहाज से अच्छी है। बेहतर गुणवत्ता वाले गेम चुनकर उसमें विशेषज्ञता हासिल करने की कोशिश करें।

### गलती से 'वन टाइम पासवर्ड' साझा करने पर भी ग्राहकों को मिलेगी 25,000 रुपये तक की क्षतिपूर्ति

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को डिजिटल धोखाधड़ी में हो रही बढ़ोतरी के बीच ग्राहकों को धोखाधड़ी वाले लेनदेन के लिए 25,000 रुपये तक की क्षतिपूर्ति देने की घोषणा की। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि ग्राहकों को यह क्षतिपूर्ति उन मामलों में भी दी जाएगी जहां ग्राहक गलती से अपना 'वन-टाइम पासवर्ड' (ओटीपी) धोखेबाजों के साथ साझा कर देते हैं। केंद्रीय बैंक के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह राशि 85,000 करोड़ रुपये के जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष से ग्राहकों को दी जाएगी।

**विश्व विजेता भारत**

# भारत ने छठी बार अंडर-19 विश्व कप जीता, इंग्लैंड को 100 रन से हराया

### वैभव सूर्यवंशी ने जड़े 175 रन




**राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने अंडर-19 विश्व कप विजेता भारतीय टीम की तारीफ की**

**हरारे :** क्रिकेट के नए 'वंडरकिड' वैभव सूर्यवंशी की ऐतिहासिक पारी के दम पर भारत ने अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर छठा खिताब जीत लिया। 14 वर्षीय सूर्यवंशी ने 80 गेंदों में 175 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 15 छक्के और 15 चौके शामिल रहे। यह अंडर-19 विश्व कप फाइनल में किसी खिलाड़ी का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए भारत ने नौ विकेट पर 411 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो फाइनल मुकाबले में अब तक का सर्वश्रेष्ठ टीम स्कोर भी है। सूर्यवंशी ने मात्र 55 गेंदों में शतक पूरा कर टूर्नामेंट का दूसरा सबसे तेज शतक लगाया और 71 गेंदों में 150 रन बनाकर नया रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। इस शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें 'प्लेयर ऑफ द फाइनल' और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' दोनों पुरस्कार मिले। सूर्यवंशी ने कप्तान आयुष म्हात्रे (53 रन) के साथ तेज साझेदारी की। उनके आउट होने के बाद अभिज्ञान कुंडू, वेदांत त्रिवेदी, विहान मल्होत्रा और कनिष्क चौहान ने उपयोगी योगदान देकर भारत को 400 के पार पहुंचाया। जवाब में इंग्लैंड की टीम कालेब फाल्कनर (115 रन) और बेन डॉकिन्स (66 रन) के प्रयासों के बावजूद 40.2 ओवर में 311 रन पर सिमट गई। भारतीय गेंदबाजों में आर एस अंबरीश ने तीन जबकि दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान ने दो-दो विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत ने 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 के बाद छठी बार अंडर-19 विश्व कप ट्रॉफी अपने नाम कर टूर्नामेंट में अपना दबदबा फिर साबित किया।

### वैभव सूर्यवंशी : एक पारी में कई कीर्तिमान

* एक फाइनल में सबसे ज्यादा बाउंड्री का रिकॉर्ड
* एक वर्ल्ड कप संस्करण में सबसे ज्यादा छक्कों का नया विश्व रिकॉर्ड
* अंडर-19 विश्व कप इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक
* सबसे तेज 150 रन पार करने का रिकॉर्ड
* क्रिकेट वर्ल्ड कप इतिहास की सबसे बड़ी पारी का वर्ल्ड रिकॉर्ड

## आज देशभर में थम जाएंगे ओला-उबर-रैपिडो के पहिए

**कैब ड्राइवरों ने बुलाई देशव्यापी हड़ताल**

**नयी दिल्ली :** अगर आप आज कहीं जाने के लिए ओला, उबर या रैपिडो बुक करने की सोच रहे हैं तो थोड़ी सावधानी बरतें। आज , यानी शनिवार (7 फरवरी) को इन कंपनियों के ड्राइवरों ने देशभर में हड़ताल का एलान किया है। ड्राइवरों ने इसे 'ऑल इंडिया ब्रेकडाउन' का नाम दिया है और वे अपना मोबाइल एप बंद रखेंगे। इस वजह से आपको कैब, ऑटो या बाइक टैक्सी मिलने में काफी दिक्कत हो सकती है। अच्छा होगा कि आप अपनी यात्रा के लिए कोई दूसरा इंतजाम जैसे बस या मेट्रो पहले से देख लें। इस हड़ताल को तेलंगाना गिग वर्कर्स यूनियन और दूसरे संगठनों ने मिलकर शुरू किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर साफ कहा है कि 7 फरवरी को पूरे भारत में ड्राइवर काम बंद रखेंगे। उनका कहना है कि न तो उनका कोई किराया तय है और न ही कोई नियम, बस उनका शोषण हो रहा है। यूनियन ने नितिन गडकरी (सड़क परिवहन मंत्री) को चिट्ठी लिखकर अपनी शिकायतें बताई हैं। ड्राइवरों का कहना है कि सरकार की तरफ से कोई रेट तय नहीं है इसलिए कंपनियां अपनी मर्जी से पैसे काटती हैं। इस वजह से ड्राइवरों के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है और उनकी कमाई का कोई भरोसा नहीं रह गया है।

## आरबीआई ने रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर कायम रखा

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को उम्मीद के अनुरूप नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। महंगाई में नरमी, वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने और अमेरिका एवं यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते होने के बीच नीतिगत दर को यथावत रखा गया है। केंद्रीय बैंक की छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर कायम रखने का निर्णय लिया। इसके साथ ही आरबीआई ने अपने तटस्थ रुख को बरकरार रखा जिसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की है। इससे भारत की अर्थव्यवस्था और बाजार पर दबाव कम हुआ है। समझौते के पहले चरण को अगले महीने तक अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि बाहरी चुनौतियां बढ़ गई हैं, लेकिन अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का सफल समापन अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है।

### अगले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि 6.5 से 6.9 प्रतिशत रहने की संभावना

आरबीआई द्वारा पेशेवर पूर्वानुमानकर्ताओं पर किए गए अध्ययन के अनुसार, अगले वित्त वर्ष में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 6.5 से 6.9 प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। आरबीआई ने कहा, पेशेवर पूर्वानुमानकर्ताओं ने वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि सात से 7.4 प्रतिशत और 2026-27 में 6.5 से 6.9 प्रतिशत रहने की सबसे अधिक संभावना जताई है।

## जनवरी में दिल्ली देश का सबसे प्रदूषित शहर, गाजियाबाद शीर्ष पर : सीआरईए

**नयी दिल्ली :** इस साल जनवरी में गाजियाबाद देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा जबकि देश की राजधानी दिल्ली दूसरे स्थान पर रही। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) ने अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। सीआरईए के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी में पीएम2.5 की मासिक औसत सांद्रता 169 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई, जो भारत के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक की 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की सीमा से लगभग 3 गुना अधिक है। वहीं, गाजियाबाद में पीएम2.5 की मासिक औसत सांद्रता 184 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई और महीने के सभी दिनों में यह दैनिक राष्ट्रीय मानक से ऊपर रही। सीआरईए द्वारा किए गए मासिक विश्लेषण के अनुसार, दिल्ली में जनवरी में 24 दिन बहुत खराब, तीन दिन गंभीर, दो दिन खराब और दो दिन मध्यम दर्ज किए गए।

## नीट-पीजी के लिए कट-ऑफ कम करने के फैसले पर न्यायालय ने एनबीईएमएस से मांगा स्पष्टीकरण

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने 'आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड' (एनबीईएमएस) को 2025-26 की राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-पीजी के लिए पात्रता 'कट-ऑफ पर्सेंटाइल' काफी कम करने के निर्णय पर स्पष्टीकरण देने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने एनबीईएमएस को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद के लिए स्थगित कर दी। पीठ ने कहा, ''एक तरफ तो हमें यह सुनिश्चित करना है कि सीट व्यर्थ न जाएं, वहीं दूसरी तरफ, उम्मीदवारों के न आने का दबाव भी है, इसलिए कृपया कटऑफ कम कर दें...तब बहस इस बात पर होगी कि मानक गिराये जा रहे हैं तथा उसका जवाब यह होगा कि सीट बेकार जा रही हैं।'' पीठ ने कहा, ''इसलिए एक जगह संतुलन बनाना होगा।'' सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि असाधारण कारणों को छोड़कर स्नातकोत्तर प्रवेश में अंकों में छूट नहीं दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि स्नातकोत्तर स्तर पर मानकों को और सख्त करने की आवश्यकता है। न्यायालय ने केंद्र सरकार, एनबीईएमएस, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग और अन्य को नोटिस जारी किये थे। एनबीईएमएस द्वारा प्रकाशित नोटिस के अनुसार, सामान्य वर्ग के लिए नीट-पीजी का कटऑफ 50 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया गया है।

### भारत ने 'अग्नि-3' मिसाइल का सफल परीक्षण किया



**बालासोर (ओडिशा) :** भारत ने अपनी रक्षा ताकत को और मजबूत करते हुए अग्नि-3 इंटरमीडिएट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण 6 फरवरी को ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से किया गया। इस टेस्ट में मिसाइल ने बिल्कुल तय योजना के मुताबिक अपने मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। अग्नि-3 एक न्यूक्लियर क्षमता वाली इंटरमीडिएट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी मारक क्षमता लगभग 3,000 से 3,500 किलोमीटर है। इससे भारत दुश्मन देश के अंदरूनी इलाकों में रणनीतिक ठिकानों को निशाना बना सकता है। रक्षा अधिकारियों ने कहा कि सफल परीक्षण ने मिसाइल सिस्टम की विश्वसनीयता और तैयारी की पुष्टि की है।






## पंजाब के प्राकृतिक सुरक्षा कवच पर चोट

सत्ताधीशों की इच्छा शक्ति की कमी और प्रवर्तन एजेंसियों की लापरवाही से खनन माफिया के हौसल बुलंद हैं। कहीं न कहीं नागरिकों की उदासीनता भी इसके मूल में हैं। पंजाब के रोपड़ जिले की शिवालिक पहाड़ियों में हो रही तबाही उस भयावह स्थिति को दर्शाती है, जिसका खमियाजा आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतना पड़ेगा। वजह साफ है कि अंधाधुंध खनन से शिवालिक पहाड़ियों के पारिस्थितिकीय तंत्र को भारी क्षति पहुंच रही है। जो हमें यह भी बताता है कि नीति और प्रवर्तन के बीच खाई में पर्यावरणीय अपराध कैसे और किस तेजी से पनपते हैं। प्रशासन की नाक के नीचे खुदाई करने वाली भारी मशीनों का खुलेआम प्रयोग अवैध खनन हेतु किया जा रहा है। इस पारिस्थितिक रूप से नाजुक क्षेत्र की पूरी पहाड़ियों को समतल किया जा रहा है। जो हमारे पर्यावरण के लिये एक गंभीर चुनौती है। यह क्षति शिवालिक पहाड़ियों के मूल पारिस्थितिक कार्यों मसलन भूजल पुनर्भरण, मृदा-स्थिरता और जैव-विविधता संरक्षण जैसे जीवन रक्षक लक्ष्यों को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। दरअसल, यह शिवालिक पर्वतमाला भू-संरचना की दृष्टि से नयी बनी हुई है और स्वाभाविक रूप से अस्थिर है। निर्विवाद रूप से किसी भी स्थान पर होने वाली अनियंत्रित खुदाई से भूमि का कटाव बहुत तेजी से होता है। जिसके चलते वर्षा ऋतु और उसके बाद भूस्खलन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ती है। वहीं इन क्षेत्रों में गाद जमाव का संकट भी गहरा जाता है। कालांतर इसके चलते जल निकासी के पैटर्न में अप्रत्याशित बदलाव देखने में आता है। यह सर्वविदित है कि एक बार इन पहाड़ियों को अवैध रूप से काटकर समतल कर दिया जाता है तो उसके मूल स्वरूप को फिर प्राप्त कर पाना लगभग असंभव है। दूसरे शब्दों में कहें उस क्षेत्र विशेष का प्राकृतिक संरक्षण कवच हमेशा के लिए नष्ट हो जाता है। ऐसे में प्राकृतिक सुरक्षा को नष्ट करने वाला विकास कालांतर आपदा का कारक बन सकता है।

दरअसल, यह ऐसा प्राकृतिक सुरक्षा तंत्र होता है जो निचले मैदानी इलाकों को बाढ़ और जल संकट से बचाता है। यह विडंबना ही कही जाएगी कि इस बाबत जवाबदेह अधिकारियों द्वारा दलील दी जाती रही है कि इस क्षेत्र में खनन की प्रक्रिया पर्यावरण संबंधी स्वीकृतियों के आधार पर की जाती रही है। साथ ही यह भी सफाई दी जाती है कि ऐसी स्वीकृतियों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाता है। लेकिन हकीकत तब उजागर हो जाती है जब स्थानीय लोग रात के समय होने वाले खनन कार्यों, निर्धारित सीमा से अधिक और बड़े पैमाने पर पहाड़ी इलाकों में कटाई होने के आरोप लगाते हैं। ऐसे में अधिकारियों की तमाम दलीलें खोखली ही साबित होती हैं। दरअसल,सवाल नियम-कानूनों की प्रभावकारिता का नहीं है बल्कि असली दिक्कत प्रवर्तन एजेंसियों की उदासीनता की है। जो वस्तु-स्थिति से अवगत होने के बावजूद इन आपराधिक कृत्यों के प्रति आंखें मूंदे रहती हैं। दरअसल, खनन कार्यों से जुड़े ठेकेदारों को आपराधिक तत्वों व राजनेताओं का संरक्षण भी एक बड़ी चुनौती है। इसमें दो राय नहीं है कि जब अवैध खनन के खिलाफ जमीनी स्तर पर निगरानी के बजाय महज कागजी कार्रवाई का सहारा लिया जाता है तो अवैध खनन को संबल मिलता है। ऐसा भी नहीं है कि यह अवैध खनन केवल पंजाब की शिवालिक पहाड़ियों के आसपास ही हो रहा है। पूरे भारत में, पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील तमाम क्षेत्रों में अवैध खनन लगातार पर्यावरण से जुड़े कानूनों की सीमाओं का उल्लंघन करता नजर आता है। अकसर खनन के लिये दिए गए परमिटों में अस्पष्टता और स्थानीय स्तर पर कमजोर निगरानी का फायदा उठाया जाता है। वह भी तब जब सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के फैसलों में बार-बार इस बात पर जोर दिया जाता रहा है कि आर्थिक गतिविधियां पारिस्थितिकीय नुकसान की कीमत पर नहीं चलायी जा सकती। फिर भी, जमीनी स्तर पर, प्रवर्तन एजेंसियां या तो शक्तिहीन दिखाई देती हैं या निर्णायक कार्रवाई करने की इच्छाशक्ति उनमें नजर नहीं आती। वास्तव में अवैध खनन पर सिर्फ जुर्माना लगाने के बजाय प्रतिबंधित क्षेत्रों का सख्त सीमांकन, प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी तथा अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत है।

## भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौता: मुक्त और निष्पक्ष व्यापार के प्रति प्रतिबद्धता



श्री राजेश अग्रवाल

भारत का यूरोप के साथ 250 ईसा पूर्व से एक समृद्ध व्यापारिक संबंध रहा है, जो सिल्क रोड से भी पहले की अवधि है। अगले 2000 वर्षों के अधिकांश हिस्से के दौरान, भारतीय मसलिन, कपास, हस्तशिल्प, मसाले, पन्ना और रत्न अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की सबसे पसंदीदा वस्तुओं में शुमार होते थे, जिनमें से अधिकांश यूरोप तक पहुँचती थीं। इन शानदार वस्तुओं के भुगतान के तौर पर भारत को सोना और चांदी मिलते थे। अपने सुनहरे दिनों में, भारत-यूरोप व्यापार ने मात्रा और पैमाने की दृष्टि से अभूतपूर्व वृद्धि हासिल की।

एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते के माध्यम से इस संबंध को सुदृढ़ करने के प्रयास 2007 में शुरू हुए थे। गंभीर मतभेदों के कारण 2013 में बातचीत को रोकना पड़ा, क्योंकि कई मुद्दों पर दोनों पक्षों के विचार अलग थे। 2022 में बातचीत फिर से शुरू हुई और चुनौतियों की जटिलता के बावजूद इसे केवल दोनों राजनेताओं की मजबूत प्रतिबद्धता और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण अंतिम रूप दिया जा सका। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस व्यापार समझौते को दोनों पक्षों ने बातचीत के माध्यम से पूरा किया है, वह अस्थिर वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में नियम-आधारित व्यापार संबंध की पुष्टि करता है। यह समझौता ऐतिहासिक है सिर्फ इसलिए नहीं कि इसमें शामिल विषय और क्षेत्र व्यापक हैं; समझौता ऐतिहासिक इसलिए भी है क्योंकि दोनों पक्षों को ऐसे मुद्दों पर साझा रुख अपनाना पड़ा, जो कठिन और जटिल थे।

सबसे महत्वपूर्ण व्यापार समझौता: भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता शायद हाल के समय में किया गया सबसे महत्वपूर्ण व्यापार समझौता है। यह दुनिया के सबसे बड़े मुक्त व्यापार क्षेत्रों में से एक का निर्माण कर सकता है, जिसमें लगभग 2 अरब लोग और 28 देश शामिल होंगे और जो वैश्विक जीडीपी का 25 प्रतिशत है। इसके अलावा, यह समझौता मुद्दों और चिंताओं के समाधान के सन्दर्भ में आधुनिक और नवीन है। इस समझौते में व्यापार संबंध को प्रगाढ़ करने के लिए अद्यतन और मूल विषयों के साथ-साथ प्रक्रिया-संबंधी प्रावधान भी हैं। यह समझौता वस्तु और सेवा; दोनों के लिए बाजार पहुंच और नियामक बाधाओं के समाधान के लिए एक नया मॉडल स्थापित करता है, जो पारंपरिक विषयों को नवाचार-तत्वों के साथ सुदृढ़ करता है। उदाहरण के लिए, उत्पत्ति के नियमों का अध्याय सुनिश्चित करता है कि केवल वही उत्पाद जिनका पर्याप्त प्रसंस्करण या उत्पादन साझेदार देशों में हुआ है, उन्हें मूल देश का प्रमाण दिया जाएगा; इसे विस्तृत और जटिल उत्पाद-विशिष्ट नियमों के माध्यम से हासिल किया गया है, जो मौजूदा और नयी आपूर्ति श्रृंखलाओं के अनुरूप हैं। इसके अलावा, यह समझौता बौद्धिक संपदा संरक्षण को पुनर्स्थापित करता है और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण व सूचना प्रवाह को बढ़ावा देने पर अतिरिक्त ध्यान केंद्रित करता है।

वस्तु और सेवाओं के लिए बाजार खोलना: समझौते का मुख्य ध्यान दोनों पक्षों के विशाल और व्यापक बाजारों को एक-दूसरे के लिए खोलना है। यह समझौता भारत के निर्यात व्यापार मूल्य के 99 प्रतिशत से अधिक के लिए बाजार पहुँच प्रदान करता है, जिसमें कम से कम 90 प्रतिशत भारतीय निर्यात को समझौते के लागू होने पर तुरंत निःशुल्क प्रवेश की सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से, श्रम-सघन वस्तुएँ जैसे वस्त्र और परिधान, चमड़ा, रत्न और आभूषण, लकड़ी और लकड़ी की शिल्पकला और समुद्री उत्पादों को जल्दी लाभ मिलेगा। यह रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि-प्रसंस्करण उद्योग और खनिज जैसे उद्योगों को भी जीवंत ईयू सामान्य बाजार में अपने निर्यात को विविधता देने में सक्षम करेगा। हालांकि, भारत ने ईयू वाहन के लिए बाजार पहुँच की अनुमति दी है, लेकिन इसे चरणबद्ध और सन्तुलित तरीके से टैरिफ कोटा के माध्यम से अंतिम रूप दिया गया है। इसी तरह, यूरोपीय संघ की शराब पर भारत की छूट घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ उच्च मूल्य वर्ग में प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है।

सेवाओं के व्यापार के लिए भारत-ईयू व्यापार संबंध में महत्वपूर्ण संभावनाएँ हैं। इस समझौते के तहत भारत ने 144 सेवा क्षेत्रों में ईयू की प्रतिबद्धताएँ प्राप्त की हैं, जो कि अभूतपूर्व है। इसके अलावा, गतिशीलता पर अध्याय यह सुनिश्चित करता है कि पेशेवरों और संविदा सेवा प्रदाताओं का अस्थायी प्रवेश और निवास सरल और भरोसेमंद होगा, जिसका अर्थ है कि भारत के प्रतिभाशाली सेवा पेशेवर ईयू बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकते हैं। वित्तीय सेवाओं पर संलग्नक भारत और ईयू के बीच इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणालियों पर अधिक सहभागिता का प्रावधान करता है, जिसमें भारत की डिजिटल भुगतान प्रणालियों जैसे यूपीआई में तकनीकी विशेषज्ञता का उपयोग शामिल है। यह समझौता आयुष और पारंपरिक चिकित्सा कर्मियों को भी अधिक निश्चितता के साथ ईयू में अपनी सेवाएँ प्रदान करने की संभावना पेश करता है।

मुक्त और न्यायसंगत व्यापार को बढ़ावा देना: मुक्त व्यापार समझौता दो बड़े बाजारों के बीच मुक्त, न्यायसंगत और पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। व्यापार और सतत विकास अध्याय सतत विकास संबंधी चिंताओं के संदर्भ में सहयोग का एक नया मॉडल प्रस्तुत करता है। यह अध्याय दोनों पक्षों के श्रम या पर्यावरण मानकों में तालमेल बिठाये बिना दोनों पक्षों के व्यापार संबंध में सतत विकास के उद्देश्य को समग्र रूप से एकीकृत करता है। इस सहभागिता का मुख्य उद्देश्य नीति संवाद, तकनीकी सहायता और वित्तीय उपकरणों और संसाधनों को जुटाने पर है। दोनों पक्षों ने त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र, गैर-उल्लंघन शिकायतें और स्वतंत्र परिशिष्ट जैसी व्यवस्थाओं पर भी बातचीत की है, जो कुछ नीति उपायों या उत्पाद-विशिष्ट उपायों के संबंध में उनकी विशिष्ट चिंताओं का समाधान कर सकते हैं।

असल चुनौती यह थी कि कुछ महत्वपूर्ण हितधारकों, जैसे कि डेयरी और कृषि क्षेत्र, की चिंताओं और संवेदनशीलताओं की अनदेखी किए बिना बाजार खोलने के उच्च महत्वाकांक्षा को हासिल किया जा सके। छोटे और सीमांत किसानों और कुछ उद्योग क्षेत्रों की आय और जीवनयापन की चिंताएं हमारे मन में सबसे पहले थीं। ईमानदारी से कहें तो, इस मामले में यूरोपीय संघ ने आवश्यक लचीलापन भी दिखाया।

भारत की एफटीए रणनीति का पूरक: आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान के युग में, भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता; भारत-यूके एफटीए, ईएफटीए और अन्य व्यापक व्यापार समझौतों से हुए लाभ में पूरक की भूमिका निभाएगा। 2021 से, भारत ने 9 व्यापक व्यापार समझौते किए हैं और अगले कुछ महीनों में कई प्रमुख आर्थिक साझेदारी समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए वार्ता कर रहा है। भारत-ईयू व्यापार समझौते का निष्कर्ष भारत की नई आर्थिक और व्यापारिक पहलों को तेज करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा।

भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता विस्तारित बाजार पहुंच, नजदीकी आर्थिक एकीकरण और विशेष रूप से अनिश्चित और अस्थिर वैश्विक अर्थव्यवस्था में रणनीतिक स्वायत्तता और सुदृढ़ता प्राप्त करने में एक बड़ा कदम है। जैसा कि आर्थिक इतिहासकार उल्लेख करते हैं, आर्थिक समृद्धि सबसे अच्छे तरीके से तब प्राप्त की जा सकती है जब राष्ट्र न्यायपूर्ण, नियम-आधारित और पूर्व अनुमान योग्य कानूनी रूपरेखा और संस्थानों के आधार पर व्यापार करते हैं। भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता समय पर खरे उतरे इस सिद्धांत को बनाए रखने का प्रयास करता है।

(लेखक वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के सचिव हैं।)

## पाक सैन्य अधिकारी बोला, हिन्दुस्तान खत्म तो दुनिया से हिन्दू समाप्त



अजय कुमार

पाकिस्तानी सेना का वह जहरीला बयान फिर सामने आया है, जहां उनका एक बड़ा अधिकारी परमाणु शक्ति का राग अलापते हुए भारत को मिटाने की धमकी दे रहा है। यह वही पुरानी सोच है, जो हिंदुओं को दुनिया से उखाड़ फेंकने का खुला इरादा जाहिर करती है, लेकिन अब समय आ गया है कि हम इसकी पोल खोलें और पाकिस्तान की इस कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब दें। पाकिस्तानी अधिकारी की जुबान से निकला वह जहर भरा बयान सुनकर खून खौल उठता है। वह चिल्ला रहा है कि हमारे पास परमाणु ताकत है, हम भारत को नेस्तनाबूद कर देंगे। जब संवाददाता ने सवाल किया कि इससे तो पाकिस्तान खुद भी मिट जाएगा, तो उसका जवाब और भी खतरनाक था। बोला, पाकिस्तान मिट जाए तो क्या, 56 इस्लामी देश तो बचेंगे, जो इस्लाम को हमेशा जिंदा रखेंगे। लेकिन अगर भारत गया, तो दुनिया से हिंदू भी खत्म हो जाएंगे, क्योंकि हिंदुओं का तो बस यही एक देश है। यह बयान कोई नया नहीं, बल्कि पाकिस्तानी फौज की जन्मजात दुश्मनी का नंगा रूप है। 2020 में भी उनके एक ब्रिगेडियर ने यही बात कही थी कि मुसलमानों के 50 से ज्यादा देश हैं, हिंदुओं का तो सिर्फ भारत। परमाणु जंग में हिंदू सफाए हो जाएंगे, लेकिन इस्लाम बचेगा। यह सोच भारत को हिंदू राष्ट्र मानकर उसे निशाना बनाने की साजिश है।

इस बयान का मतलब साफ है, पाकिस्तान की फौज हिंदू-विरोधी जिहाद की भाषा बोल रही है। वे जानते हैं कि भारत दुनिया का एकमात्र हिंदू बहुल देश है, जहां करोड़ों हिंदू अपनी संस्कृति, मंदिरों और परंपराओं के साथ जी रहे हैं। अगर भारत को मिटा दिया गया, तो वैश्विक हिंदू समाज का केंद्र खत्म हो जाएगा। लेकिन ये भूल जाते हैं कि हिंदू सिर्फ जमीन पर नहीं, बल्कि दिलों में बसते हैं। नेपाल, बाली, मॉरीशस जैसे देशों में भी हिंदू मजबूत हैं, और दुनिया भर में करोड़ों हिंदू फैले हुए हैं। फिर भी पाकिस्तानी फौज का लक्ष्य साफ है भारत को हिंदुओं का किला मानकर उसे तोड़ना। यह वही मानसिकता है, जो 1947 के बंटवारे के समय जिन्ना ने बोई थी, दो राष्ट्र सिद्धांत के नाम पर हिंदुओं को कमजोर करने की। आज भी वही जहर फैला रहे हैं।

पाकिस्तान की यह सोच नई नहीं, बल्कि उनकी पूरी इतिहास पुरानी दुश्मनी की गवाही देती है। 1971 की जंग में हमने उन्हें दो टुकड़ों में बांट दिया, बांग्लादेश बन गया। तब भी वे परमाणु का ढोंग करते रहे। अब 2025 में सेना प्रमुख आसिम मुनीर अमेरिका की जमीन से चिल्ला रहे हैं कि अगर पाकिस्तान डूबा तो आधी दुनिया को ले डूबेंगे। भारत के पूर्व अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लों ने साफ कहा, पाकिस्तान परमाणु इस्तेमाल करेगा तो खुद मिट जाएगा, भारत इतना बड़ा है कि झेल लेगा और जवाब में उसे नेस्तनाबूद कर देगा। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी परमाणु जंग की धमकी देते हैं, लेकिन यह सब गीदड़ भभकी है। उनकी अर्थव्यवस्था डूब चुकी, आंतरिक विद्रोह बलूचिस्तान में फैला हुआ, और फौज सिर्फ आतंकवाद पर टिकी है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर जैसे हमलों से साबित कर दिया कि हमारी ताकत अटल है।

इस बयान से पाकिस्तान का असली चेहरा बेनकाब हो गया है। वे 56 इस्लामी देशों का सहारा लेते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि उनमें से ज्यादातर अपनी मुश्किलों में डूबे हैं। सऊदी, ईरान आपस में लड़ रहे, तुर्की सपनों में जी रहा। ओआईसी नाम का संगठन भारत विरोधी प्रस्ताव लाता है, लेकिन व्यावहारिक मदद कभी नहीं करता। पाकिस्तान अकेला है, सिर्फ परमाणु का भूत दिखाकर दुनिया को डराता है। लेकिन भारत ने विदेश मंत्रालय के जरिए कड़ा जवाब दिया कि हम ब्लैकमेल नहीं झुकेंगे। हमारी परमाणु नीति साफ है पहले इस्तेमाल नहीं करेंगे, लेकिन जवाब में अस्वीकार्य क्षति देंगे। पाकिस्तानी फौज की कमान कट्टरपंथियों के हाथ में है, जो परमाणु को इस्लामी बम मानते हैं। पूर्व सीआईए अधिकारी ने खुलासा किया कि पाकिस्तान ने परमाणु भारत विरोध के लिए बनाया, लेकिन उसे मुस्लिम बम बनाकर दूसरे देशों को बेचने की साजिश रची।

अब भारत को जागना होगा। यह बयान सिर्फ शब्द नहीं, युद्ध की घोषणा है। हमारी फौज दुनिया की सबसे मजबूत है, मिसाइलें, विमान, पनडुब्बियां सब तैयार। लाखों जवान हिंदुस्तान की रक्षा को तत्पर। सरकार को चाहिए कि ऐसे बयानों पर कूटनीतिक, सैन्य और आर्थिक जवाब दे। पाकिस्तान को अलग-थलग करो, आतंकवाद के अड्डों पर लगातार प्रहार करो। हिंदू समाज एकजुट हो, दुनिया को बताओ कि भारत हिंदुओं का किला है, इसे कोई नहीं हिला सकता। पाकिस्तानी फौज की यह जहर उगलने वाली सोच उन्हें ही निगल जाएगी। हम 140 करोड़ हिंदुओं की ताकत से खड़े हैं, जो कभी नहीं झुकेंगे। यह समय है बदले का, जहां पाकिस्तान अपनी हरकतों का खामियाजा भुगते। भारत जिंदा रहेगा, हिंदू धर्म अमर रहेगा, और पाकिस्तान की साजिशें धूल चाटेंगी।

-वरिष्ठ पत्रकार

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 7 फरवरी, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन कृष्णपक्ष षष्ठी, 26:56 तक, नक्षत्र : चित्रा, 26:25 तक, योग : शुला, 23:40 तक, सूर्योदय: 06:14, सूर्यास्त: 17:28, चन्द्रोदय : 22:32, चन्द्रास्त: 09:23, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 09:03 से 10:27

## राशिफल

**मेष :** आपकी राशि पर सप्तम भाव में चन्द्रमा तथा द्वादश भाव में शनि मौजूद हैं। ऐसे में आपको कार्यक्षेत्र या दफ्तर में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों को पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष :** आपकी राशि का स्वामी शुक्र उच्चाभिलाषी हैं। नवम भाव में बैठकर लग्न को संपूर्ण शुभ दृष्टि से देख रहा है। शुक्र सांसारिक सुख भोगों का प्रतिनिधि है। वृद्धजनों से बहसबाजी में न उलझें।

**मिथुन :** पंचम भाव में चन्द्रमा और राशि से नवम भाग्य भाव में कुंभ राशि का राहु आपके लिए शुभ फलदायक रहेंगे। इन ग्रहों के प्रभाव से आपको मान-सम्मान मिलेगा।

**कर्क :** आपकी राशि पर मिथुन का बृहस्पति तथा चतुर्थ भाव में चन्द्रमा उत्तम संपत्ति को योग बना रहा है। ऐसे में बहुत दिनों से रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। नए संबंध लंबे समय तक बने रहेंगे।

**सिंह :** अपने करीबी लोगों की भावनाओं की कद्र करें और उनकी बातों पर चलने का प्रयास करें। ऐसा करना आपके लिए लाभकारी रहेगा। कार्यक्षेत्र में दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा।

**कन्या :** आपकी राशि से षष्ठम भाव में राहु संचार कर रहा है। इस दौरान करीबी मित्रों से बेवजह का विवाद हो सकता है। ऐसे में अपने आस पास खुशनुमा माहौल बनाए रखने का प्रयास करें।

**तुला :** तुला राशि के जातकों के लिए दिन मेल-मिलाप का रहने वाला है। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। किसी उलटफेर के चलते अचानक धन लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक :** शनिवार का दिन वृश्चिक राशि के लोगों के लिए खुशियों से भरा रहेगा। बिजनेस में सफलता मिलेगी। व्यापार को आगे बढ़ाने के सिलसिले में किसी की सलाह आपके काम आएगी।

**धनु :** धनु राशि के करियर के लिहाज से दिन मिलाजुला रहने वाला है। पुरानी देनदारियों से आपको छुटकारा मिलता हुआ दिख रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी सराहना होगी।

**मकर :** मकर राशि के जातकों को पास या दूर की यात्रा पर अचानक जाना पड़ सकता है। परिवार में कोई मांगलिक कार्य संपन्न हो सकता है। कोई आपसे उधार मांगे तो बिल्कुल भी न दें।

**कुम्भ :** शनि के शुभ प्रभाव से आपको राजनीतिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। ऐसे में आपके लिए सक्रिय राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है। प्रतिद्वंद्वियों पर आपको जीत मिलेगी।

**मीन :** राशि का स्वामी देव गुरु पिछले कई दिनों से मिथुन राशि का होकर चतुर्थ भाव में चल रहे हैं। इस दौरान चन्द्रमा के अष्टम में होने से आपको उत्तम संपत्ति प्राप्त होगी।

## विदेश की खबरें

### पाकिस्तान की राजधानी में शिया मस्जिद पर आत्मघाती हमले में 31 लोगों की मौत, 169 घायल

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान की राजधानी में शुक्रवार की नमाज के दौरान शिया समुदाय की मस्जिद में आत्मघाती हमलावर द्वारा खुद को विस्फोट में उड़ा लेने से कम से कम 31 लोग मारे गए और 169 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला हाल के वर्षों में शिया समुदाय को निशाना बनाकर किए गए सबसे भीषण आतंकी हमलों में से एक है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह भीषण विस्फोट इस्लामाबाद के तरलाई इलाके में स्थित खदीजातुल कुबरा मस्जिद-सह-इमामबाड़ा में हुआ। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आत्मघाती हमलावर को इमामबाड़ा के द्वार पर रोक लिया



गया था, लेकिन उसने खुद को विस्फोट में उड़ा लिया। इस्लामाबाद के उपायुक्त इरफान नवाज मेमन ने पुष्टि की है कि कम से कम 31 लोग मारे गए और 169 अन्य घायल हुए- जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। फिलहाल किसी भी समूह ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र (आईसीटी) के पुलिस प्रवक्ता ताकी जवाद ने बताया कि विस्फोट में मारे गए लोगों में इस्लामाबाद के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) सैयद अली नासिर रिजवी का एक चचेरा भाई भी शामिल था, जबकि पुलिस प्रमुख का एक अन्य रिश्तेदार घायल

**धमाके में संलिप्तता के पाकिस्तान के आरोपों को भारत ने खारिज किया**

हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का हवाला देते हुए 'जियो न्यूज' ने बताया कि आतंकवादी ने पहले गोलीबारी की और फिर खुद को उड़ा लिया। बचाव टीम और पुलिस हमले वाली जगह पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने आशंका जताई कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कुछ घायल गंभीर हालत में हैं। राजधानी के अस्पतालों में आपात स्थिति घोषित कर दी गई। सेना के जवानों और रेंजर्स ने इलाके को घेर लिया और विस्फोट स्थल के आसपास सुरक्षा अभियान चलाए जा रहे हैं।

### ब्रिटेन की अदालत ने नीरव मोदी की बैंक ऑफ इंडिया मुकदमे को स्थगित करने की याचिका खारिज की

**लंदन :** लंदन उच्च न्यायालय ने बैंक ऑफ इंडिया के बकाया ऋण मामले में भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी की उस याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया, जिसमें उसने दृष्टिहीनता, अवसाद और जेल की बाध्यताओं के कारण अपने मुकदमे को स्थगित करने का अनुरोध किया। नीरव (54) पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ लगभग दो अरब अमेरिकी डॉलर के धोखाधड़ी और धन शोधन मामले में भारत प्रत्यर्पित किए जाने का विरोध कर रहा है। वह उत्तरी लंदन की एचएमपी पेंटनविले जेल से वीडियोलिंक के माध्यम से 80 करोड़ अमेरिकी डॉलर के बैंक ऑफ इंडिया के अलग मामले में मुकदमा पूर्व समीक्षा के लिए पेश हुआ। न्यायाधीश साइमन टिंकलर ने कहा कि कैदी को किसी भी प्रकार की महत्वपूर्ण क्षति का सामना नहीं करना पड़ेगा और 23 मार्च से शुरू होने वाले आठ दिवसीय मुकदमे के लिए उसे 'समान अवसर' प्राप्त होगा।

न्यायमूर्ति टिंकलर ने कहा, दुर्भाग्यवश, मैं इस याचिका को नीरव मोदी द्वारा देरी करने के पैटर्न का हिस्सा मानता हूं। स्थगन याचिका के लिए मोदी की ओर से पेश हुए बैरिस्टर जेम्स किनमैन ने अपने मुवक्किल द्वारा सामना किए जा रहे पूर्वाग्रह का मुद्दा उठाया, क्योंकि पिछले अक्टूबर में दक्षिण लंदन के एचएमपी थेम्साइड जेल से स्थानांतरित होने के बाद से उसे अदालती दस्तावेजों तक पहुंच प्राप्त करने में लगातार संघर्ष करना पड़ रहा है।

## वर्ग पहेली नं. 3344



*बायें से दायें:-* 2) सब से पहले, 4) बेहतर, 7) नख, 9) हिंदी साल का दसवाँ महीना, 10) समेटना, 12) नया आया हुआ, 14) रस्सी; मूल्य, 15) तरीक़ा, 17) एक फल, 20) जल्दबाज़ी, 21) इस दिनों, 23) सिपाही, 25) दशा, 26) रुग्णसेवा, 29) लुंगी, 30) सिंह.

*ऊपर से नीचे:-* 1) उत्तरदायी, 2) हमला, 3) निषिद्ध, 4) कृष्ण, 5) नालायक बेटा, 6) स्वाद; शोरबा *(तरकारी का)*, 8) हत्या, 11) निर्धनता, 13) गमनशील; निरंतर चलनेवाला, 16) ठगा हुआ, 18) सुहागन,19) सूद, 21) दीपाराधन, 22) अपराध, 23) ज़िंदगी, 24) नियंत्रण; बाग समेत छड़, 25) निर्धन, 27) अपराधमुक्ति, 28) दबाव.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | | बं | द | | चा | ली | स | | का |
| ना | | ज | ल | म | य | | त | मा | म |
| प | त्थ | र | | खौ | | बे | ल | | का |
| श | | | म | ल | | स | ज | धा | ज |
| ना | जा | य | ज | | ज | न | | व | |
| प | ग | | बू | ड़ | ना | | तु | ल | सी |
| | ना | दा | र | | ब | ग | ला | | ढ़ी |
| छा | | स | न | द | | र | | | |
| प | पी | ता | | ल | स्ट | म | प | स्ट | म |

## सुडोकू-पहेली-3302

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | | 1 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 6 | 9 | | 3 | | 8 | | | |
| | | | | | | | 9 | 8 |
| | 7 | | 4 | 3 | | 2 | | |
| | | 6 | 5 | | | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | 3 |
| | | 5 | | | | | | |
| | 2 | 1 | | | | 7 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3301 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 8 | 1 | 4 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 4 | 9 | 3 | 6 | 5 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 9 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 9 | 8 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 6 | 4 | 2 |

# 'हम्प्टी डम्प्टी' विवाद : वित्त मंत्री की अर्थशास्त्री पर टिप्पणी के बाद भाजपा विधायकों ने विधानसभा से किया बहिर्गमन



**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा ने अर्थशास्त्री और पार्टी विधायक अशोक लाहिड़ी के अपमान का आरोप लगाते हुए भाजपा ने शुक्रवार को विधानसभा से बहिर्गमन किया। राज्य बजट पर विधायक की एक पूर्व टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य द्वारा 'हम्प्टी डम्प्टी' शब्द का इस्तेमाल किए जाने से विपक्षी दल के विधायक नाराज थे। लाहिड़ी द्वारा राज्य बजट को 'हम्प्टी-डम्प्टी' करार दिए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि मुझे नहीं पता कि अर्थशास्त्री होने के बावजूद अशोक लाहिड़ी बंगाली में पढ़ते हैं और अंग्रेजी में लिखते हैं। बच्चों की कविता सुनाते हुए उन्होंने कहा कि आप कहते हैं कि हमारी सरकार पिछले 15 वर्षों में कोई विकास करने में विफल रही और हमने एक 'हम्प्टी-डम्प्टी' (बेतुका) बजट पेश किया। ऐसा कहकर आपने सदन को गुमराह किया है। भट्टाचार्य के भाषण के बीच में ही, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया और नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने लाहिड़ी की प्रतिष्ठा और गरिमा का अपमान किया है। विधानसभा के प्रांगण में, भाजपा विधायकों ने अपना विरोध जारी रखा, जहां 'शेम, शेम' और 'बंगालियों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे' जैसे नारे गूंजते रहे। ममता बनर्जी के बयान का सीधे तौर पर जिक्र किए बिना, चंद्रिमा भट्टाचार्य ने विधानसभा में भाजपा नेता के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लाहिड़ी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आप अच्छी तरह जानते हैं कि हमारे जन-केंद्रित बजट से उलट, केंद्रीय बजट एक दिशाहीन और अव्यवस्थित बजट था।

**Name Change**

I, Hitesh Chovatia (DOB) 02nd September, 1975, son of Rajnikant D Chovatia, residing at Enclave Building, 45/2 Chakraberia Road South, 1st Floor, Kolkata – 700025, do hereby solemnly affirm and declare that Hitesh Chovatia and Hitesh R. Chovatia refer to the same person, myself via affidavit before the Notary Public at Kolkata dated 06th February 2026.

**Name Change**

I, Ratika Rahatgi, daughter of Sundar Mohan Rohatgi, residing at 11, Jadulal Mullick Road, Malapara, Beadon Street, Kolkata-700006, do hereby solemnly affirm and declare that Sundar Mohan Rohatgi and Sundar Mohan is the same and one identical person, indicating my father only via affidavit in the Court of Ld 1st Class Judicial Magistrate, Calcutta dated 5th February 2026.

**NAME AND D.O.B CHANGE**

I, Appasaheb Potale father of No.15742197F, Rank- SIGMN, Name- Ramdas Potale presently resident at Appachiwadi, Nippani, Belgavi, Karnataka, 591241, India. do hereby declare that I changed my name from Appaso and D.O.B- 20.03.1961 to name Appasaheb Potale D.O.B- 31.07.1961. Vide affidavit Before the Notary Public Govt. of W.B Biplab Sardar at Alipore Court, dated 27.01.2026.

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**प्रधान मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: कार्य का नामः** मेट्रो रेलवे कोलकाता की ब्लू लाइन (दक्षिणेश्वर स्टेशन से कवि सुभाष स्टेशन तक) पर रेल गेज फेस लुब्रिकेटर मशीन की आपूर्ति, स्थापना, चालू करना और रखरखाव। **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹5,88,99,616.20, **बयाना राशिः** ₹4,44,500.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 60 माह, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 27.02.2026 दोपहर 12:00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। यदि कोई संशोधन / शुद्धिपत्र होगा, तो वह केवल वेबसाइट पर ही उपलब्ध कराया जाएगा।
**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना संख्याः Civil-2547-2026 (Open)**
Follow us at: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-34-25, दिनांक** 02.02.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए **निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-34-25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान** : पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में "हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड लाइन सेक्शन (राजधानी रूट) में कॉन्टैक्ट वायर का प्रतिस्थापन" के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 79,17,203.11, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 1,58,400/-, **निविदा प्रपत्र की लागत** : शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि** : एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय**: दिनांक 26.02.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना**: निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
HWH-596/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# 'मुस्लिमों के हाथों में बंदूक थमा रही सरकार' अग्निमित्रा पॉल ने मदरसा फंड पर उठाए सवाल

## अल्पसंख्यकों पर भाजपा विधायक की टिप्पणी को लेकर विधानसभा में मचा हंगामा

- **फिरहाद हकिम ने भाजपा पर मुस्लिम विरोधी होने का लगाया आरोप**
- **स्पीकर ने विवादित टिप्पणियों को कार्यवाही से हटाने का दिया निर्देश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन शुक्रवार को उस समय अराजक स्थिति उत्पन्न हो गयी जब तृणमूल कांग्रेस के विधायकों ने भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल की उस कथित टिप्पणी का विरोध किया जिसमें उन्होंने कहा कि मदरसों के लिए बजट आवंटन से राष्ट्रविरोधी तत्वों को बढ़ावा मिल सकता है। तृणमूल कांग्रेस के विधायकों ने नारे लगाये और पॉल की टिप्पणियों के विरोध में सदन में आसन के निकट आ गये, वहीं विपक्षी दल भाजपा के विधायकों ने आसनसोल दक्षिण सीट से अपने विधायक के समर्थन में जवाबी नारे लगाए। पॉल ने गुरुवार को पेश किये गये अंतरिम राज्य बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि मदरसों के लिए आवंटित धनराशि अल्पसंख्यकों के उत्थान में सहायक नहीं होगी। उन्होंने उन तत्वों को बढ़ावा देने के खिलाफ चेतावनी दी जो 'डॉक्टर, इंजीनियर और शिक्षक बनने के बजाय अपराधी बन सकते हैं'। भाजपा नेता के इस बयान से सदन में विवाद खड़ा हो गया। हकीम ने कहा कि अग्निमित्रा पाल झूठे बयान दे रही हैं और उन्हें अपने कथन के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई मुसलमानों ने हमारे देश के लिए खून बहाया और अपनी जान कुर्बान की। सभी अल्पसंख्यक अपराधी नहीं होते। वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने भी पॉल के बयान की निंदा करते हुए इसे 'पश्चिम बंगाल विधानसभा की धर्मनिरपेक्ष छवि पर एक कलंक' बताया। विधानसभा अध्यक्ष विमान बनर्जी ने कहा कि इन टिप्पणियों को सदन के रिकॉर्ड से हटा दिया जायेगा।

**✒ तृणमूल ने स्पीकर से की अग्निमित्रा पॉल के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

बाद में, अध्यक्ष ने अपने कक्ष में पत्रकारों को बताया कि उन्हें तृणमूल कांग्रेस के विधायक दल से एक पत्र मिला है, जिस पर संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेब चट्टोपाध्याय, मुख्य सचेतक निर्मल घोष, पीडब्ल्यूडी मंत्री अरूप विश्वास, वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य और श्रम मंत्री मलय घटक समेत 10-12 वरिष्ठ नेताओं के हस्ताक्षर हैं। इस पत्र में पॉल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि मैं फिर से दो-हराता हूं कि इस तरह की टिप्पणियां सदन के मूल्यों और सिद्धांतों के विरुद्ध हैं और मैं प्रत्येक सदस्य को भविष्य में ऐसी टिप्पणियों से बचने की चेतावनी देता हूं। मैं शनिवार को सत्र शुरू होने पर पत्र का जवाब भी दूंगा। शोभनदेब चट्टोपाध्याय ने बताया कि हमने अध्यक्ष को पत्र भेजकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब हम कल उनके फैसले का इंतजार करेंगे। वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि यह चौंकाने वाली बात है कि संविधान के तहत शपथ लेने और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को बनाये रखने का वादा करने वाला एक जन प्रतिनिधि सदन में इस तरह का खतरनाक विभाजनकारी अल्पसंख्यक विरोधी भाषण दे सकता है। सदन की कार्यवाही सात फरवरी को कुछ विधेयकों को पारित करने के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी जायेगी।

**✒ भाजपा विधायक ने कहा... 'उनका मतलब पूरे समुदाय से नहीं था'**

अपने बयान को वापस लेने से इनकार करते हुए, पॉल ने बाद में पत्रकारों से कहा कि उनका मतलब पूरे समुदाय से नहीं था, बल्कि सीमा पार से ताकतों द्वारा समर्थित कुछ चरमपंथी तत्वों से था। उन्होंने कहा कि मैं यह कैसे भूल सकती हूं कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आईएनए का मुख्य लेफ्टिनेंट एक मुस्लिम था। हम उन जिहादी राष्ट्रविरोधी तत्वों को सहायता देने के खिलाफ हैं जिन्हें कई मदरसों में पनाह दी गई है। पॉल ने विधानसभा के बाहर पत्रकारों से कहा कि मैंने कहा था कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद मुसलमानों को विकास का सही लाभ मिलेगा। उनका इस्तेमाल वोट बैंक के रूप में नहीं किया जायेगा और कुछ मदरसे राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का अड्डा नहीं बनेंगे।

**पश्चिम मध्य रेल**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है:- **क्र.सं.:1, निविदा सूचना क्रमांकः** निविदा सूचना क्रंःजबल-एल-टी-न. 50-2025 दिनांकः 23.01.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** दो विविध कार्य (i) ADEN/N/STA उपमंडल के अंतर्गत सतना में स्वास्थ्य इकाई और (ii) ADEN/JBP उपमंडल के अंतर्गत शिहोरा रोड स्टेशन-02 यूनिट टाइप-IV और 03 यूनिट टाइप III नए क्वार्टरों का निर्माण, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में):** ₹31,11,360.75, **बयाना राशिः** ₹62,200.00, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक):** 16.02.2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक):** 16.02.2026, **क्र.सं.:2, निविदा सूचना क्रमांकः** निविदा सूचना क्रंःजबल-एल-टी-न.51-2025 दिनांकः 28.01.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** विद्युत कार्य (i) ADEN/N/STA के अंतर्गत STA में मौजूदा रनिंग रूम का 40 बिस्तरों तक विस्तार, नया किचन रूम, डाइनिंग रूम और स्टोर रूम का निर्माण तथा (ii) ADEN/NU उपमंडल के अंतर्गत SRID स्टेशन पर SSE(P way) के लिए नए PWI कार्यालय, स्टोर और कार्यशाला का निर्माण, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में):** ₹43,77,490.52, **बयाना राशिः** ₹87,600.00, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक):** 18.02.2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक):** 18.02.2026, **क्र.सं.:3, निविदा सूचना क्रमांकः** निविदा सूचना क्रंःजबल-एल-टी-न.55-2025 दिनांकः 28.01.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** बीना-सिंगरौलीः बीना-केटीई-एसजीआरएएल खंड पर स्थित एमएकेआर, एनओआई, फा, बीएनयू, एसवाईए, एचडीयू, केएमजेड, केटीकेडी, केएचबीजे, बेहर, एनडब्ल्यूबी और एसजीएएम स्टेशनों पर ट्रैक मशीन साइडिंग और ट्रैक मशीनों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में):** ₹2,35,34,909.13, **बयाना राशिः** ₹2,67,700.00, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक):** 19.02.2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक):** 19.02.2026, **निविदा फार्म की कीमत (रूपये में):** क्र.सं.1 से 3 के लिए: 0.00, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है:** क्र.सं.1 से 3 के लिए: वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, **समापन अवधि (माह/वर्ष):** क्र.सं. 1 से 3 के लिए: 06 माह। **नोटः** निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps. gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। (हस्ता.)
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)
प.म.रे. जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी संख्याः 261_2025-26, दिनांक 04.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 **(डीईएन/एसपीएल/हावड़ा** के क्षेत्राधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए, सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **एनआईटी सं.: 261_2025-26, कार्य का विवरण** : एईएन/एसपीएल/हावड़ा के अधीन हावड़ा के रेलवे परिसर में भूदृश्य के विकास, बागवानी कार्य एवं अन्य सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य** : रु. 1,62,82,239.06/-, **बयाना राशि:** रु. 2,31,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)** : शून्य। **समापन अवधि** : 06 (छह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 24.02.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **:www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।
HWH-589/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कुछ ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव**

यात्रियों की सुविधा के लिए, निम्नलिखित ट्रेनें संबंधित स्टेशनों पर नीचे वर्णित समयसूची के अनुसार प्रायोगिक आधार पर रुकेंगी:-

| ट्रेन नं. एवं नाम | स्टेशन | समयसूची आ. | समयसूची प्र. | जिस तिथि से ठहराव प्रभावी |
|---|---|---|---|---|
| 13113 कोलकाता-लालगोला हजारदुयारी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 09.02.26) | देबग्राम | 09:13 | 09:14 | 09.02.26 |
| 13114 लालगोला-कोलकाता हजारदुयारी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 09.02.26) | देबग्राम | 18:02 | 18:03 | 09.02.26 |
| 13053 हावड़ा-राधिकापुर कुलिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.26) | बैण्डेल | 09:46 | 09:48 | 07.02.26 |
| 13054 राधिकापुर-हावड़ा कुलिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.26) | बैण्डेल | 13:51 | 13:53 | 07.02.26 |
| 13053 हावड़ा-राधिकापुर कुलिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.26) | नलहाटी | 12:49 | 12:51 | 07.02.26 |
| 13054 राधिकापुर-हावड़ा कुलिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.26) | नलहाटी | 10:48 | 10:50 | 07.02.26 |
| 13178 जंगीपुर रोड-सियालदह एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.26) | नबग्राम कांकुड़हाटी | 15:35 | 15:36 | 07.02.26 |
| 53005 कटवा-आजिमगंज पैसेंजर (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.26) | नबग्राम कांकुड़हाटी | 08:13 | 08:14 | 07.02.26 |
| 53054 निमतीता-कटवा पैसेंजर (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.26) | नबग्राम कांकुड़हाटी | 07.21 | 07.22 | 07.02.26 |
| 53015 कटवा-आजिमगंज पैसेंजर (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.26) | नबग्राम कांकुड़हाटी | 17:28 | 17:29 | 07.02.26 |
| 63031 कटवा-आजिमगंज एमईएमयू पैसेंजर (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.26) | मालिहाटी तालिबपुर | 15:04 | 15:05 | 07.02.26 |
| 63032 आजिमगंज-कटवा एमईएमयू पैसेंजर (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.26) | काज़ीपाड़ा हॉल्ट | 09:23 | 09:24 | 07.02.26 |
| 63031 कटवा-आजिमगंज एमईएमयू पैसेंजर (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.26) | काज़ीपाड़ा हॉल्ट | 15:19 | 15:20 | 07.02.26 |
| 53014 आजिमगंज-कटवा पैसेंजर (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.02.26) | काज़ीपाड़ा हॉल्ट | 12:11 | 12:12 | 07.02.26 |

**टिप्पणी**: इन ट्रेनों की समयसूची अन्य सभी स्टेशनों पर अपरिवर्तित रहेगी।
**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# कृषि आयकर विधेयक से उत्तर बंगाल के 1404 चाय बागानों को होगा फायदा : चंद्रिमा भट्टाचार्य

## विधानसभा में चार महत्वपूर्ण विधेयक पारित



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन शुक्रवार को कई महत्वपूर्ण विधायी कार्य पूरे किए गए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार ने शुक्रवार को सदन में चार बिल पेश कर विपक्ष की अनुपस्थिति में पारित करा लिया। वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य ने 'वेस्ट बंगाल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (संशोधन) विधेयक, 2026' सदन में पेश किया, जिसे सीमित चर्चा के बाद विपक्ष की अनुपस्थिति में पारित कर दिया गया। इसके साथ ही 'बंगाल एग्रीकल्चरल इनकम टैक्स (संशोधन) विधेयक, 2026' भी पारित किया गया। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि इस संशोधन से विशेष रूप से उत्तर बंगाल के 1404 चाय बागानों को कर संबंधी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि इससे चाय उद्योग को मजबूती मिलेगी तथा किसानों और कृषि आधारित उद्योगों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचेगा। इन विधेयकों से पहले सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए अनुपूरक अनुदान की मांग सदन में पेश की, जिसे पारित कर दिया गया। वहीं, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री शशि पांजा ने 'बंगाल वैग्रेंसी (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया। इस विधेयक के माध्यम से राज्य में निराश्रित और बेसहारा लोगों के पुनर्वास तथा उनके कल्याण से जुड़ी व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार का दावा है कि इन विधेयकों से सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

**सियालदह मंडल के तहत जन साधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस) का चयन**

सूचना सं. सीडब्ल्यू/जेटीबीएस/2026 — दिनांक: 04.02.2026

**यह रेलवे की नौकरी नहीं है, यह एक एजेंट के जैसा कार्य है**

नीचे उल्लेखित कार्य के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं: **कार्य का नामः** सियालदह मंडल के तहत नीचे उल्लेखित 146 स्टेशनों के निकटवर्ती स्थानों पर अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) के जरिए कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकटें जारी करने हेतु 03 (तीन) वर्षों के लिए जन साधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस) की संविदा का संचालन। **क्रमांक, स्टेशन का नाम** एवं **प्रस्तावित जेटीबीएस की संख्या** निम्नलिखित हैं:- 1. सियालदह-42; 2. सोनारपुर जंक्शन-56, 3. बैरकपुर-41, 4. दमदम जंक्शन-41; 5. नैहाटी-41; 6. सोदपुर-38; 7. बारुईपुर जंक्शन-40, 8. बारासात जंक्शन-40; 9. बेलघरिया-39; 10. सुभाषग्राम-36; 11. श्यामनगर-40; 12. बिधाननगर रोड-40; 13. हाबरा-40; 14. मध्यमग्राम-40; 15. चाकदह-30; 16. रानाघाट जंक्शन-31; 17. खड़दह-30; 18. कैनिंग-31, 19. कांचरापाड़ा-31; 20. गरिया-31; 21. बजबज-31; 22. अगरपाड़ा-30; 23. दमदम कैंट-29; 24. बालीगंज-30; 25. बिराटी-30; 26. कृष्णनगर-30; 27. कल्याणी-30; 28. दत्तपुकुर-29; 29. हालीशहर -30; 30. मच्छलंदपुर-29; 31. कांकीनाड़ा-29; 32. यादवपुर-30; 33. बनगाँव-30; 34. मगराहाट-30; 35. अशोकनगर-29; 36. ईछापुर-30; 37. चम्पाहाटी-30; 38. नुंगी-30; 39. पार्क सर्कस-30; 40. जयनगर मजिलपुर-28; 41. मल्लिकपुर-30; 42. मथुरापुर रोड-20; 43. संतोषपुर-21; 44. तालदी-20; 45. डॉयमण्ड हार्बर-21; 46. दक्षिण बारासात-21; 47. गोबरडांगा-21; 48. लक्ष्मीकांतपुर-21; 49. दुर्गानगर-21; 50. बाघाजतीन-21; 51. गोचरण-21; 52. न्यू बैरकपुर-21; 53. बहरमपुर कोर्ट-20; 54. धामुया-20; 55. बामनगाछी-20; 56. मदनपुर-20; 57. घुटियारी शरीफ-20; 58. टीटागढ़-20; 59. शांतिपुर-20; 60. बहरू-20; 61. आकड़ा-20; 62. गुमा-20; 63. सिमुराली-20; 64. ढाकुरिया-20; 65. ठाकुरनगर-20; 66. पायराडांगा-20; 67. बिशरपाड़ा कोदालिया-20; 68. बिड़ा-20; 69. जगदल-20; 70. संग्रामपुर-19; 71. विद्याधरपुर-20; 72. टॉलीगंज-20; 73. पलता-20; 74. हृदयपुर-19; 75. पियाली-20; 76. बसिरहाट-20; 77. बगुला-20; 78. माझेरहाट-20; 79. बालीघाट-20; 80. चांदपाड़ा-20; 81. होटर-20; 82. ब्रेस ब्रिज-20; 83. न्यू गरिया-20; 84. बी.बी.डी. बाग-20; 85. अड़ंगघाटा-20; 86. बदकुल्ला-20; 87. हाड़ोआ रोड-20; 88. कल्याणपुर-20; 89. हासनाबाद-20; 90. माझदिया-20; 91. कोलकाता टर्मिनल-20; 92. फुलिया-20; 93. पालपाड़ा-20; 94. बेलडांगा-20; 95. कालिकापुर-20; 96. दक्षिणेश्वर-20; 97. बेथुआडहरी-11; 98. ताहेरपुर-11; 99. न्यू अलीपुर-11; 100. पलासी-11; 101. गंगनापुर-11; 102. देउला-10; 103. मुर्शिदाबाद-10; 104. शासन रोड-10; 105. बीरनगर - 10; 106. लेक गार्डन्स - 10; 107. धपधपी-10; 108. सोण्डालिया-10; 109. कल्याणी घोष पाड़ा-10; 110. भगवानगोला -10; 111. दक्षिण दुर्गापुर-10, 112. कल्याणी सीमांत-10; 113. हबीबपुर-10; 114. जियागंज-09; 115. चाँपापुकुर-10; 116. गोपालनगर-10; 117. सूर्यपुर-10; 118. कालीनारायणपुर-10; 119. लालगोला-10; 120. काकद्वीप-10; 121. माझेरग्राम-10; 122. भसीला-10; 123. कृष्णापुर-10; 124. देवग्राम-10; 125. वराह नगर रोड-10; 126. काशिमबाजार-10; 127. नामखाना-10; 128. कल्याणी शिल्पांचल-10; 129. नेतरा-10; 130. इडेन गार्डन-10; 131. बड़ाबाजार-10; 132. मुरागाछा-10; 133. धुबुलिया-10; 134. पातीपुकुर-10; 135. बासुलडांगा-10; 136. रेजीनगर-10; 137. बानपुर-10; 138. गेदे-10; 139. गुरुदासनगर-10; 140. पागलाचंडी-10; 141. टाला-10; 142. सरगाछी-10; 143. भावता-10; 144. बागबाजार-10; 145. बहादुरपुर-10; 146. सोनाडांगा-10।

**मुहरबंद लिफाफे में सभी प्रासंगिक दस्तावेज के साथ आवेदन का प्रारूप डालने की तारीख : वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा सं. 44, 16 कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014** के कार्यालय में उपलब्ध मुहरबंद पेटी में **दिनांक 10.02.2026 से 05.03.2026 तक** प्रत्येक कार्यकारी दिवस को को **पूर्वाह्न 11.0 बजे से अपराह्न 4.00 बजे** के बीच तथा **दिनांक 06.03.2026** को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे के बीच। **आवेदन पेटी खुलने की तारीखः** दिनांक 06.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। आवेदन का परिपूर्ण विवरण यानी नियम एवं शर्तें, आवेदकों की पात्रता, योग्यता, प्रत्येक स्टेशन के लिए श्रेणीवार कोटा के साथ आवेदन का निर्धारित प्रारूप ऊपरोक्त पते पर **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह** के कार्यालय में तथा आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**
**पूर्व रेलवे**
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शुभेंदु अधिकारी ने की अंतरिम बजट को लेकर राज्य सरकार की आलोचना



**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को सवाल उठाया कि क्या अंतरिम (वोट ऑन अकाउंट) बजट में राज्य सरकार की विभिन्न कल्याण योजन-ाओं के लिए बढ़ी हुई राशि की घो-षणा करना व्यावहारिक है? उनके अनुसार, राज्य सरकार अंतरिम बजट में न तो कल्याण योजनाओं के भुगतान में कोई बढ़ोतरी नहीं कर सकती है और न ही इन योजनाओं के तहत लाभार्थियों की संख्या तय कर सकती है। विपक्षी नेता ने शुक्रवार की शाम मीडिया से कहा कि स्वाभाविक रूप से, राज्य सरकार ऐसे योजनाओं के लिए कोई बजटीय आवंटन नहीं कर सकती। दूसरी बात, अंतरिम बजट में इन योजनाओं के तहत घोषित बढ़ी हुई राशि 1 अप्रैल से लागू होगी लेकिन तब तक मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लागू हो जाएगा, क्योंकि विधानसभा चुनाव की मतदान तिथियां घोषित हो चुकी होंगी। इसलिए असल में, राज्य सरकार ने अंतरिम बजट में ऐसी घोषणाओं के जरिए जनता को भ्रमित किया है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान राज्य मंत्रिमंडल के पास इन घोषणाओं को लागू करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि इसे केवल चुनाव के बाद बने नए मंत्रिमंडल द्वारा विधानसभा में पूर्ण बजट पेश करने के बाद लागू किया जा सकता है। राज्य सरकार ने असल में अंतरिम बजट का उपयोग टीएमसी के चुनावी घोषणा पत्र के रूप में किया है। उनके अनुसार, अंतरिम बजट में इस तरह की भ्रामक घोषणाएं जनता को गुमराह करने की कोशिश मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आगामी विधानसभा चुनावों में हार के डर को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि इसी हार के डर के कारण वह राज्य में विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) का विरोध कर रही हैं। अब, हताशा में, वह अंतरिम बजट में ऐसी भ्रामक घो-षणाएं कर रही हैं। शुभेंदु अधिकारी ने आगे आरोप लगाया कि जनता को गुमराह करना मुख्यमंत्री का तरीका बन गया है। उन्होंने कहा कि पहले उन्होंने एनआरसी और सीएए को एक जैसा बताकर ऐसा किया। उन्होंने वक्फ (संशोधन) अधिनियम के लागू होने के मामले में भी यही किया।

**खड़गपुर मंडल के तहत पार्किंग अनुबंधों के लिए ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: सीओएम/जी-30/2/पार्किंग/सीपीआरओ/26/03 दिनांक:** 05.02.2026
भारत के राष्ट्रपति, भारत संघ की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा खड़गपुर (दक्षिण) एवं मिदनापुर (पूर्व) में फोर व्हीलर पार्किंग, पांशकुड़ा (दक्षिण/1), बड़गाछिया, मौरीग्राम, गिरिमैदान (उत्तर) और गोकुलपुर में टू व्हीलर पार्किंग एवं कलाईकुंडा में मिक्स्ड पार्किंग के लिए पार्किंग लॉट हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **नीलामी कैटलॉग संख्या: पार्किंगकेजीपी-26-3, नीलामी की तिथि: 19.02.2026, नीलामी शुरू होने का समय: 11.00 बजे और नीलामी का अंतिम समय: 12.40 बजे,** जो **https://www.ireps.gov.in/वेबसाइट** में सूचित किए गए हैं। इच्छुक पक्ष और ठेकेदार इस पर ध्यान दें और ई-नीलामी सूचना के विस्तृत विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। किसी भी तरह के स्पष्टीकरण के लिए कृपया नीचे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।
**(PR-1155)** — **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर**
**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा

# विधानसभा में आज पेश होंगे चार महत्वपूर्ण बिल, बजट आवंटन पर होगी स्पेशल चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा स्पीकर बिमान बनर्जी ने शुक्रवार को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक के बाद कहा कि शनिवार को सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे से शुरू होगी और सदन के पटल पर चार प्रमुख संशोधन और विनियोग विधेयक पेश किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि एक और विधेयक भी पेश किया जा सकता है जिसे राज्यपाल की अनुमति के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि शनिवार 'द वेस्ट बंगाल एप्रोप्रिएशन (वोट आन अकाउंट) बिल, 2026' और 'द वेस्ट बंगाल एप्रोप्रिएशन (नंबर 1) बिल, 2026' पेश होगा। इन दोनों ही महत्वपूर्ण वित्तीय विधेयकों पर चर्चा और पारित करने के लिए एक-एक घंटे का समय निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, नागरिक सुविधाओं और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े दो अन्य विधेयकों पर भी मुहर लगने की संभावना है। इसमें हावड़ा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2026 और मुर्शिदाबाद विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 शामिल हैं। सचिवालय ने विशेष रूप से यह स्पष्ट कर दिया है कि शनिवार होने के कारण सदन की सामान्य प्रक्रिया में कुछ बदलाव किए गए हैं। कल की बैठक में मौखिक उत्तरों के लिए कोई प्रश्न काल नहीं होगा।

# विद्यासागर सेतु रखरखाव कार्य के चलते रविवार को 12 घंटे रहेगा बंद, ट्रैफिक डायवर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर के प्रमुख यातायात मार्गों में से एक विद्यासागर सेतु (द्वितीय हुगली ब्रिज) रविवार को 12 घंटे के लिए बंद रहेगा। कोलकाता पुलिस के अनुसार, 8 फरवरी को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक पुल पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सेतु पर आवश्यक रखरखाव कार्यों के मद्देनजर उठाया गया है। इस दौरान स्टे केबल, होल्डिंग डाउन केबल और बियरिंग से जुड़े तकनीकी कार्य किए जाने की संभावना है, ताकि पुल की संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यातायात दबाव को संभालने के लिए पुलिस ने विस्तृत डायवर्जन योजना जारी की है। जिराट आइलैंड, एजेसी बोस रोड, केपी रोड, सीजीआर रोड और खिदिरपुर की दिशा से आने वाले वाहनों को हेस्टिंग्स क्रॉसिंग की ओर मोड़कर हावड़ा ब्रिज के जरिए गंतव्य तक जाने की सलाह दी गई है। बताया गया है कि जेएन आइलैंड की तरफ से केपी रोड से आने वाली सभी गाड़ियों को 11 फर्लांग गेट से हेस्टिंग्स क्रॉसिंग की तरफ मोड़ दिया जाएगा। खिदिरपुर से सीजीआर रोड के साथ विद्यासागर सेतु की ओर आने वाली सभी गाड़ियों को हेस्टिंग्स क्रॉसिंग की ओर मोड़ दिया जाएगा। वहां से, गाड़ियां बाएं मुड़कर हावड़ा ब्रिज से बाहर निकल सकेंगी। केपी रोड के साथ ब्रिज की ओर आने वाली गाड़ियां वाई पॉइंट के पास घोड़ा पास की ओर जा सकेंगी। सभी गाड़ियों को इन 12 घंटों के लिए हावड़ा ब्रिज का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। बताया गया है कि दूसरा हुगली ब्रिज या विद्यासागर सेतु रविवार शाम 6 बजे के बाद फिर से खोल दिया जाएगा। प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले वैकल्पिक मार्गों की जानकारी लेकर ही निकलें। ब्रिज को रविवार शाम 6 बजे के बाद दोबारा खोल दिया जाएगा।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी /एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन। **क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. : 268_2025-26, कार्य का विवरण** : (i) एसएसई/पी.वे/हावड़ा के तहत गैंग नं. 1,3,4,5,6,7,8,9,11,12, 13,14,17 और एसएसई/पी.वे/बामनगाछी के तहत गैंग नं. 2,3,4,6 और 7 के लिए गैंगहट का प्रावधान। (ii) वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन एसएसई/वर्क्स/हावड़ा के अंतर्गत सीटीआई/जी/इनडोर, सीआईटी/आउटडोर, प्लेटफॉर्म-12, हावड़ा के पास, कारशेड, टिकियापाड़ा, हावड़ा झील साइडिंग, एआरटी/बामनगाछी और सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉम्प्लेक्स में तथा एसएसई/वर्क्स/बामनगाछी की शाखा के अधीन एआरटी/बामनगाछी एवं सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉम्प्लेक्स में सभी महिला कर्मचारियों की सुविधा के लिए संलग्न शौचालय के साथ महिला ड्रेस चेंजिंग रूम का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु.3,06,42,113.19, **बयाना राशि :** रु. 3,03,200/- **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं.: 269_2025-26, कार्य का विवरण** : एसएसई/पी.वे/हावड़ा, वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन यार्ड के उन्नयन और यार्ड सुधार के संबंध में पी. वे कार्य (झील साइडिंग, टीकेपीआर, एसवाईई, हावड़ा, हावड़ा ईएमयू कारशेड और लिलुआ यार्ड, कुल-6 यार्ड में) जैसे सीटीआर(एस) -.13 किमी, टीएसआर(एस)-2.148 किमी, टीटीआर-83 सेट, टीटीआर (एफएस+सीएस+सीएमएससी)-1 इन 8.5-73 सेट, टीटीआर (डीएस)-1 इन 8.5-1 सेट, टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+ डब्ल्यूसीएमएससी)-1 इन 12-3 सेट, टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी-1 इन 8.5-6 सेट) टीबीआर-31.931 किमी टीएफआर-1.606 किमी, डीप स्क्रीनिंग, लिफ्टिंग, टर्न इन कर्व और फोर्स फिट लेआउट का सुधार एवं अन्य सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु.6,59,45,372.06, **बयाना राशि:** रु. 4,79,700/-, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु.0.00 (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 02.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी**: आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-598/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पत्नी और 9 महीने के बच्चे के शव को मुर्दाघर में रख सुनवाई के लिए पहुंचा शिक्षक

## एसआईआर की सुनवाई के लिए जाते समय सड़क दुर्घटना में पत्नी और 9 महीने के बच्चे की हुई मौत

**मालदह :** एसआईआर सुनवाई को लेकर कई जिलों से उत्पीड़न की शिकायतें आई हैं। इस बार, मालदह में एक और दुखद घटना हुई। सुनवाई केंद्र पहुंचने से पहले ही एक पत्नी और बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई। एक स्थानीय शिक्षक शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए छोड़कर सुनवाई केंद्र पहुंचा। मो. यासीन अंसारी मालदह के गाजोल थाना अंतर्गत खरदाहिल इलाके का निवासी है। वह कालियाचक के सुजापुर नैमौजा हाई मदरसा में शिक्षक हैं। काम की वजह से शिक्षक अपने परिवार के साथ सुजापुर में रहते थे। शुक्रवार को शिक्षक को एसआईआर सुनवाई के लिए बुलाया गया था क्योंकि उनके नाम की स्पेलिंग गलत लिखी थी।



इसके अनुसार, गुरुवार की रात वह अपनी पत्नी हलीमा खातून और नौ महीने के बेटे आरिफ हसन के साथ एक ऑटो से अंबजार आ रहे थे, यह कहकर कि वह बस पकड़ेंगे। पता चला है कि हादसा तब हुआ जब ऑटो सड़क के बीच में पलट गया। सुस्तानी इलाके में ऑटो कंट्रोल खोने के बाद पलट गया। यासीन की पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। बेटे को अस्पताल ले जाने के बाद इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मालदह मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के मुर्दाघर ले जाया गया। उन्हें शुक्रवार की सुबह सुनवाई के लिए बुलाया गया था। उन्हें अपनी पत्नी और बेटे के शवों को पोस्टमॉर्टम सेंटर में छोड़कर सुनवाई केंद्र जाना पड़ा।

## कुलपी में एसआईआर नोटिस के बाद वृद्धा की मौत, परिवार ने मानसिक तनाव को बताया कारण

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े नोटिस को लेकर एक और संवेदनशील मामला सामने आया है। दक्षिण 24 परगना जिले के कुलपी क्षेत्र में एक 70 वर्षीय वृद्धा की मौत के बाद परिजनों ने प्रशासनिक नोटिस से उत्पन्न मानसिक तनाव को जिम्मेदार ठहराया है। मृतका की पहचान आसमा बीबी के रूप में हुई है, जो रामकृष्णपुर ग्राम पंचायत के नाकनान गांव की निवासी थीं। जानकारी के अनुसार, एसआईआर प्रक्रिया के दौरान नाम में कथित गड़बड़ी को लेकर उन्हें पहले एक नोटिस मिला था। आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बावजूद 28 जनवरी को 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' का उल्लेख करते हुए दोबारा नोटिस भेजा गया। परिजनों का दावा है कि दूसरा नोटिस मिलने के बाद वह काफी तनाव में रहने लगीं और उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। आसमा बीबी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 31 जनवरी को उपचार के दौरान परिवार ने उनकी सुनवाई से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी कीं। बुधवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह घर लौटीं, लेकिन गुरुवार रात उन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। परिवार का आरोप है कि दोबारा नोटिस मिलने के बाद पेंशन बंद होने की आशंका ने उन्हें मानसिक रूप से तोड़ दिया था। फिलहाल, प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## स्वास्थ्य भवन के बाहर आशा कर्मियों का प्रदर्शन, मानदेय मे हजार रुपये की वृद्धि से नाखुश




**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में शुक्रवार को सैकड़ों आशा कर्मी राज्य के अंतरिम बजट में घोषित एक हजार रुपये की मानदेय बढ़ोतरी से नाराज होकर सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारी आशा कर्मियों ने साल्टलेक स्थित स्वास्थ्य भवन, राज्य स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय के बाहर अचानक धरना दिया और न्यूनतम 15 हजार रुपये मासिक मानदेय की मांग की। प्रदर्शन को देखते हुए विधाननगर पुलिस ने स्वास्थ्य भवन की ओर जाने वाली सड़कों पर बैरिकेड्स लगाए और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया। एक प्रदर्शनकारी आशा कर्मी ने कहा कि जब हमें पहले से ही कम मानदेय मिलता है, तो सिर्फ हजार रुपये की बढ़ोतरी से क्या होगा? हम कम से कम 15 हजार रुपये प्रति माह मानदेय की मांग कर रहे हैं। एक अन्य आशा कर्मी ने बताया कि 17 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राज्य के स्वास्थ्य सचिव से मुलाकात कर अपनी मांगें दोहराने वाला है। आशा कर्मियों की प्रमुख मांगों में प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन के बजाय निश्चित मासिक वेतन तय करना और मातृ एवं शिशु देखभाल के अलावा अन्य कार्यों में न लगाए जाने की मांग शामिल है।

## गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र के साथ रैंगिंग, दो सीनियर छात्र निलंबित

**पुरुलिया :** पुरुलिया मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरुलिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज व अस्प-ताल में एक फर्स्ट ईयर एमबीबीएस स्टूडेंट के साथ रैगिंग करने का मामला सामने आया है। घटना सामने आने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने दो एमबीबीएस सीनियर विद्यार्थी को हॉस्टल से बाहर निकालने के साथ-साथ इस एकेडमिक सेशन से सस्पेंड कर दिया है। पुरुलिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्रिंसिपल डॉ. सब्यसाची दास ने बताया इस शिकायत के आधार पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने 6 फरवरी को मीटिंग बुलाकर आरोपित दो एमबीबीएस विद्यार्थियों को मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से बाहर निकालने के साथ-साथ इस एकेडमिक सेशन से निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, पुरुलिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के प्रथम वर्ष के एक स्टूडेंट जो कि मुर्शिदाबाद जिला के डोमकल का निवासी है, उसके साथ यह घटना घटित हुई। पीड़ित की मां ने बताया कि यह घटना 2 फरवरी को पुरुलिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना में दूसरे और चौथे साल में पढ़ने वाले दो सीनियर छात्रों ने कथित तौर पर उनके बेटे के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। जिसके कारण उनके बेटे को पुरुलिया सदर अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। उन्होंने इस घटना को लेकर मेडिकल कॉलेज प्रशासन के पास लिखित शिकायत किया है। उनका दावा है कि यह घटना पुरुलिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के हॉस्टल नंबर 004 में घटित हुई। इस घटना को लेकर पुरुलिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के प्रिंसिपल डॉ. सब्यसाची दास ने आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया पीड़ित विद्यार्थी अस्पताल में भर्ती था, उनको अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। खबर लिखे जाने तक इस घटना में पुलिस के पास कोई भी शिकायत नहीं दी जाने की बात बताई जा रही है।

## मुर्शिदाबाद में बीएलओ की मौत, परिवार ने एसआईआर के कार्यभार को बताया कारण

**मुर्शिदाबाद :** जिले में एक बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की दिल का दौरा पड़ने से मौत होने के बाद राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े कार्यभार को इसका कारण बताया, जबकि भाजपा ने राज्य सरकार पर इस घटना को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया। माया मुखोपाध्याय (58) हरिहरपारा ब्लॉक के अंतर्गत श्रीपुर नामुपाड़ा शिशु शिक्षा केंद्र में प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका थीं और हाल में उन्हें एसआईआर कवायद के बीच बूथ नंबर 251 के लिए बीएलओ ड्यूटी पर तैनात किया गया था। उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि गुरुवार की रात को घर पर ही वह बेहोश हो गई और अस्पताल ले जाने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनके परिवार ने आरोप लगाया कि बीएलओ की जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद मुखोपाध्याय गंभीर मानसिक तनाव में थीं और उन्हें डर था कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से नाम हटाये जाने पर ग्रामीणों की ओर से विरोध का सामना करना पड़ेगा। उनके छोटे बेटे रुबेल मंडल ने पत्रकारों से कहा कि बीएलओ बनने के बाद मेरी मां मानसिक दबाव सहन नहीं कर पाईं। उनकी तबीयत खराब थी और कुछ समय पहले उन्हें मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के आईसीयू में भी भर्ती कराया गया था। उन्होंने दावा किया कि उनके प्रभार वाले बूथ में लगभग 830 मतदाता थे और एसआईआर प्रक्रिया के तहत 320 से अधिक नोटिस जारी किए गए थे। रुबेल मंडल ने कहा कि वह बार-बार कहती थी कि अगर नाम मिटा दिए गए तो गांव वाले आकर हमारे घर पर हमला कर सकते हैं। वह लगातार डर के साये में जीती थी। उनके परिवार के सदस्यों ने यह भी कहा कि मुखोपाध्याय को उम्र संबंधी बीमारियां थीं और वह बीएलओ के कर्तव्यों को निभाने के लिए अनिच्छुक थीं, लेकिन उनके पास प्रशासनिक आदेशों का पालन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। हरिहरपाड़ा के बीडीओ सेरिंग जाम भूटिया ने मौत की पुष्टि की और कहा कि प्रशासन मामले की जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी मृत्यु हृदयाघात से हुई। हमें सूचित किया गया है कि वे अस्वस्थ थीं। विवरण जुटाने के लिए एक प्रतिनिधि को भेजा गया है।

### मैरियट बॉनवॉय ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए पेश किए विशेष क्रिकेट अनुभव

**कोलकाता, समाज्ञा :** मैरियट इंटरनेशनल का पुरस्कार विजेता ट्रैवल प्रोग्राम मैरियट बॉनवॉय आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्रिकेट प्रेमियों को अनोखे और प्रीमियम अनुभव देने जा रहा है। भारत और श्रीलंका में आयोजित होने वाले इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट के लिए कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ अपनी वैश्विक साझेदारी के तहत 500 से अधिक विशेष 'मैरियट बॉनवॉय मोमेंट्स' पेश किए हैं। इन अनुभवों में दो सदस्यों को प्रतिष्ठित 'गोल्डन टिकट' जीतने का मौका मिलेगा, जिससे वे अपने एक अतिथि के साथ फाइनल मुकाबलों का आनंद ले सकेंगे। एक टिकट पॉइंट्स के जरिए सबसे ऊंची बोली लगाने वाले सदस्य को, जबकि दूसरा वैश्विक लॉटरी से दिया जाएगा। गैर-सदस्य भी निःशुल्क पंजीकरण कर भाग ले सकते हैं। सदस्य अपने पॉइंट्स का उपयोग मैच डे हॉस्पिटैलिटी, 'बियॉन्ड द बाउंड्री' प्री-मैच अनुभव और एंथम किड्स एक्सपीरियंस जैसे अवसरों के लिए कर सकेंगे।

### समांथा रुथ प्रभु और ऋषभ पंत बने 'गुड गेम' के ग्लोबल एंबेसडर, एक करोड़ की इनामी प्रतियोगिता शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुनिया के पहले लाइव ग्लोबल गेमिंग रियलिटी शो 'गुड गेम' ने भारत में अपने लॉन्च की घोषणा करते हुए भारत के पहले ग्लोबल गेमिंग सुपरस्टार की खोज शुरू कर दी है। शो ने अभिनेत्री समांथा रुथ प्रभु, क्रिकेटर ऋषभ पंत और लोकप्रिय गेमिंग क्रिएटर उज्ज्वल चौरसिया (टेक्नो गेमर्ज़) को अपना ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनाया है। विजेता को एक करोड़ रुपये की इनामी राशि और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। यह शो ई-स्पोर्ट्स, मनोरंजन और परफॉर्मेंस को एक साथ लाकर प्रतियोगियों की गेमिंग स्किल, रचनात्मकता और दबाव में प्रदर्शन क्षमता की परीक्षा लेगा। आयोजकों ने सालाना बड़े निवेश और व्यापक ब्रांड भागीदारी की योजना भी साझा की है। 18 वर्ष से अधिक आयु के भारतीय नागरिकों के लिए ऑडिशन पंजीकरण शुरू हो चुके हैं। चुने गए प्रतिभागियों को मुंबई और दिल्ली में ऑफलाइन ऑडिशन के लिए बुलाया जाएगा।

### अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 में प्रीमियम ट्रेंड, वेलनेस फोकस और छोटे शहरों से रिकॉर्ड मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया की ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 में इस वर्ष मांग में जोरदार उछाल दर्ज किया गया, जिसमें प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती खरीद, हेल्थ-वेलनेस पर फोकस और टियर-2 व टियर-3 शहरों की मजबूत भागीदारी प्रमुख रुझान रहे। कंपनी के अनुसार, मंच से जुड़े 60 प्रतिशत नए ग्राहक गैर-महानगरों से आए, जबकि प्राइम सदस्यों द्वारा उसी दिन डिलीवरी वाले ऑर्डर पिछले वर्ष की तुलना में ढाई गुना बढ़े। ग्राहकों ने फीचर-समृद्ध स्मार्टफोन, होम अप्लायंसेज और प्रीमियम फैशन ब्रांड्स में अपग्रेड किया। शादी के मौसम और नए साल के चलते फैशन व ब्यूटी श्रेणी में कीमती ज्वेलरी, प्रीमियम परिधान और सौंदर्य उत्पादों की मांग बढ़ी। हेल्थ और वेलनेस उत्पादों-जैसे हाई-प्रोटीन खाद्य पदार्थ और क्लीन-सोर्स्ड सामग्री-की खपत भी तेजी से बढ़ी। सस्टेनेबल विकल्पों को भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली, जिनमें ऊर्जा-कुशल उपकरण और नवीकरणीय ऊर्जा समाधान शामिल हैं। एआई आधारित शॉपिंग टूल्स ने ग्राहकों को सही उत्पाद चुनने में मदद की, जिससे खरीदारी अनुभव और अधिक सहज बना।

### हनुमानकाइंड और विशाल ददलानी के साथ थम्स अप का नया 'तूफानी' एंथम रिलीज

**कोलकाता, समाज्ञा :** थम्स अप ने अपना नया 'तूफानी' एंथम 'टेस्ट द थंडर' लॉन्च किया है, जिसे मशहूर रैपर हनुमानकाइंड और गायक विशाल ददलानी ने अपनी आवाज दी है। यह एंथम ब्रांड की पहचान रहे जोश, बेबाकी और युवा ऊर्जा को दर्शाता है, जिसका केंद्रीय संदेश है- आज कुछ तूफानी करते हैं। मुंबई में आयोजित भव्य कार्यक्रम में लॉन्च हुए इस गीत को डब्ल्यूपीपी ओगिल्वी की परिकल्पना और यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप के सहयोग से तैयार किया गया है। संगीत सुशिन श्याम ने दिया है, जबकि हिंदी बोल वरुण ग्रोवर ने लिखे हैं। वीडियो का निर्देशन बिजॉय शेट्टी ने किया है। एंथम में क्रिकेट सितारे सूर्यकुमार यादव और रिंकू सिंह भी दिखाई देते हैं, जिससे ब्रांड का क्रिकेट से जुड़ाव और मजबूत हुआ है। यह गीत थम्स अप के समर कैंपेन का हिस्सा है और युवाओं को दोस्ती, रोमांच और नए अनुभवों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

### मेटा ने आई4सी और सेबी के साथ एंटी-स्कैम अभियान 'स्कैम से बचो' किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेटा ने इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) और सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के सहयोग से अपना फ्लैगशिप एंटी-स्कैम अभियान 'स्कैम से बचो' लॉन्च किया है। यह इस डिजिटल जागरूकता अभियान का तीसरा संस्करण है, जिसका उद्देश्य लोगों को ऑनलाइन स्कैम्स की पहचान करने, सवाल पूछने और रिपोर्ट करने के लिए सशक्त बनाना है। अभियान की शुरुआत अभिनेत्री नीना गुप्ता अभिनीत एक जागरूकता फिल्म से की गई है, जिसमें फेक जॉब ऑफर्स, डिजिटल अरेस्ट और फर्जी निवेश योजनाओं जैसे आम ऑनलाइन फ्रॉड को हल्के-फुल्के लेकिन प्रभावी अंदाज में दिखाया गया है। इस फिल्म में लोकप्रिय डिजिटल क्रिएटर्स भी नजर आएंगे। सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा कि बढ़ते डिजिटल फाइनेंशियल स्कैम्स के दौर में ऐसे जागरूकता अभियान बेहद जरूरी हैं। मेटा ने यूजर्स से अपील की है कि वे संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट करें और साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें।

### कृषि अवशेष से टिकाऊ पैकेजिंग विकसित करने के लिए अमेजन और आईआईटी रुड़की की साझेदारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने कृषि अवशेषों से टिकाऊ पैकेजिंग समाधान विकसित करने के लिए आईआईटी रुड़की के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य पराली जलाने की समस्या को कम करना और वर्जिन वुड पल्प पर निर्भरता घटाना है। परियोजना के तहत गेहूं की पराली और गन्ने की खोई जैसे अवशेषों से उच्च गुणवत्ता वाला पल्प तैयार कर हल्के, मजबूत, पूरी तरह रिसाइकिल और घरेलू स्तर पर कंपोस्ट किए जा सकने वाले पेपर मेलर विकसित किए जाएंगे। यह शोध आईआईटी रुड़की के पेपर एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के साथ 15 महीने के प्रारंभिक लैब परीक्षण चरण में रहेगा। सफल परिणाम मिलने पर औद्योगिक परीक्षण और व्यावसायिक उत्पादन आगे बढ़ाया जाएगा। अमेजन ने बताया कि भारत में हर वर्ष बड़ी मात्रा में कृषि कचरा उत्पन्न होता है, जिसे उपयोग में लाकर सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा दिया जा सकता है। कंपनी पहले ही सिंगल-यूज प्लास्टिक खत्म करने और टिकाऊ पैकेजिंग बढ़ाने की दिशा में कदम उठा चुकी है।

### धानो धान्ये एक्सप्रेस में स्थायी रूप से एक अतिरिक्त एसी चेयर कार कोच जोड़ा गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा 13117/13118 कोलकाता-लालगोला-कोलकाता धानो धान्ये एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी चेयर कार कोच स्थायी रूप से जोड़ने का निर्णय लिया गया है। यह पहल लोकप्रिय एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त कोच बढ़ाकर यात्रा अनुभव सुधारने की रेलवे की निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा है। जानकारी के अनुसार, अतिरिक्त कोच कोलकाता से चलने वाली ट्रेन में 10 फरवरी 2026 से तथा लालगोला से प्रस्थान करने वाली सेवा में 11 फरवरी 2026 से प्रभावी होगा। इस बदलाव के बाद धानो धान्ये एक्सप्रेस अब कुल 15 कोचों के साथ संचालित होगी, जबकि पहले इसमें 14 कोच थे। इस निर्णय से यात्रियों को अधिक आरामदायक यात्रा सुविधा मिल सकेगी।

### जीआरएसई ने मजबूत ऑर्डर बुक के सहारे तीसरी तिमाही में शानदार वित्तीय नतीजे दर्ज किए

**कोलकाता, समाज्ञा :** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही और नौ माह की अवधि के वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं, जिनमें कंपनी ने मजबूत वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 1,958 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 1,343 करोड़ रुपये की तुलना में 46 प्रतिशत अधिक है। संचालन से प्राप्त राजस्व 49 प्रतिशत बढ़कर 1,896 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान, ईबीआईटीडीए 59 प्रतिशत बढ़कर 234 करोड़ रुपये पहुंच गया। कर पूर्व लाभ 63 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 218 करोड़ रुपये और कर पश्चात लाभ 74 प्रतिशत बढ़कर 171 करोड़ रुपये रहा। प्रति शेयर आय 14.91 रुपये दर्ज की गई। नौ माह के आधार पर भी कंपनी का प्रदर्शन मजबूत रहा। कुल आय 39 प्रतिशत बढ़कर 5,086 करोड़ रुपये और संचालन राजस्व 42 प्रतिशत बढ़कर 4,883 करोड़ रुपये हो गया। ईबीआईटीडीए 643 करोड़ रुपये, कर पूर्व लाभ 594 करोड़ रुपये तथा कर पश्चात लाभ 445 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कमोडोर पी.आर. हरि (सेवानिवृत्त) ने कहा कि कंपनी चालू वित्त वर्ष में अब तक पांच युद्धपोतों की डिलीवरी कर चुकी है और 42 प्लेटफॉर्म वाले 10 बड़े जहाज निर्माण परियोजनाओं पर कार्य जारी है। कंपनी ने प्रति शेयर 7.15 रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया है तथा वर्ष के अंत तक लगभग 50,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर बुक का लक्ष्य रखा है।

## बाली रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने 5 फरवरी को बाली रेलवे स्टेशन पर एक रेलवे सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों और आम जनता में रेलवे सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देना था। हावड़ा डिवीजन की डिविजनल कल्चरल एसोसिएशन ने यमराज शीर्षक से एक सृजनात्मक थीमैटिक प्रस्तुति दी, जिसमें लेवल क्रॉसिंग और रेलवे ट्रैक के पास असुरक्षित व्यवहार के गंभीर परिणामों को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाया गया। यह प्रस्तुति यात्रियों



और स्थानीय निवासियों के बीच सुरक्षा संदेश को प्रभावशाली और यादगार तरीके से पहुंचाने में सफल रही। स्थानीय निवासी, रोजमर्रा के यात्री और रेलवे कर्मचारी अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हुए और रेलवे सुरक्षा के महत्व को स्वीकार किया। अभियान में प्रमुख सुरक्षा निर्देशों पर जोर दिया गया, जैसे फुट ओवर-ब्रिज और अंडरपास का उपयोग, रेलवे सिग्नल और चेतावनी संकेतों का पालन, तथा रेलवे लाइन और लेवल क्रॉसिंग के पास मोबाइल फोन का उपयोग न करना। हावड़ा डिवीजन ने सभी यात्रियों और आम जनता से आग्रह किया है कि रेलवे सुरक्षा सभी की साझा जिम्मेदारी है और निर्धारित सुरक्षा नियमों का हमेशा पालन करें।

## मंत्री उदयन गुहा ने शुभेंदु से पूछा.. 'आप किसके पुत्र हैं, मोदी या शिशिर के?', हुई तीखी नोकझोंक

**स्पीकर को हस्तक्षेप कर स्थिति शांत करानी पड़ी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को तृणमूल विधायक व उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक-दूसरे के पिता को विवाद में घसीट लिया। इसे लेकर दोनों के बीच तीखी नोंकझोक हुई। दोनों के पिता लंबे समय तक जन प्रतिनिधि रहे हैं। बजट पर बहस के दौरान सुवेंदु ने उदयन से कहा कि आपने अपने पिता को चोर कहा था। यह सुनकर तृणमूल विधायक मुखर हो गए। दोनों के बीच कहासुनी शुरू होने पर स्पीकर बिमान बनर्जी ने उदयन व शुभेंदु दोनों को शांत कराया और उन्हें दोबारा बोलने के लिए कहा। फिर, स्पीकर की अनुमति से उदयन गुहा ने कहा कि मेरे पिता कमल गुहा सात बार विधायक रहे हैं। वे 19 साल तक मंत्री रहे। मैंने अपने पिता की राजनीतिक गतिविधियों पर कुछ आलोचनाएं की थीं। लेकिन, शुभेंदु यह साबित कर बताएं कि मैंने अपने पिता को चोर कहा था। इसके बाद, उदयन गुहा ने कहा कि आप शिशिर बाबू (शिशिर अधिकारी) के बेटे हैं। लेकिन आप खुद को मोदी का पुत्र कहते हैं। तो असल में आप किसके बेटे हैं? उदयन गुहा की टिप्पणियों ने बजट सत्र में तीखी बहस छेड़ दी। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए और नारे लगाए। इसके बाद, अध्यक्ष ने घोषणा की कि इस मुद्दे पर किसी का भी बयान रिकॉर्ड में नहीं रखा जा रहा है।

## अंगमाली-सबरीमाला नई रेल लाइन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण शुरू, तिरूर को रेलवे संपर्क में बढ़ोतरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय रेल मंत्रालय ने केरल सरकार के साथ अंगमाली-सबरीमाला नई रेल लाइन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू होने की पुष्टि की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में लिखित उत्तर में बताया कि राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण शुरू होने के बाद परियोजना के कार्य आगे बढ़ाए जाएंगे। मंत्रालय इस पूरी प्रक्रिया की लगातार निगरानी कर रहा है ताकि परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। अंगमाली-सबरीमाला (एरुमेली मार्ग) परियोजना को वर्ष 1997-98 में 50:50 लागत साझेदारी के आधार पर स्वीकृत किया गया था। प्रारंभिक कार्य अंगमाली-कालाडी (7 किमी) और कालाडी-पेरुंबवूर (10 किमी) खंड में शुरू किया गया, लेकिन भूमि अधिग्रहण के विरोध, अलाइनमेंट विवाद और अपर्याप्त सहयोग के कारण परियोजना 2019 में स्थगित कर दी गई थी। इसके बाद सबरीमाला मंदिर तक रेल संपर्क देने के लिए चेंगन्नूर-पंबा वैकल्पिक लाइन का सर्वेक्षण किया गया, लेकिन परियोजना व्यवहार्य नहीं पाई गई। वर्तमान में परियोजना की अद्यतन अनुमानित लागत 3,801 करोड़ निर्धारित की गई है। रेल मंत्री ने बताया कि तिरूर रेलवे स्टेशन वर्तमान में 90 ट्रेन सेवाओं से जुड़ा है, जिनमें मंगलुरु सेंट्रल-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस, हिसार-कोयंबटूर एक्सप्रेस और नागरकोइल-मंगलुरु जंक्शन अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। हाल ही में यात्रियों की सुविधा के लिए तिरूर में इन ट्रेनों का ठहराव शुरू किया गया। केरल राज्य में रेलवे अवसंरचना और सुरक्षा परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2009-14 में यह 372 करोड़ प्रति वर्ष था, जो 2025-26 में बढ़कर 3,042 करोड़ हो गया, यानी लगभग आठ गुना वृद्धि। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत अब तक 1,337 स्टेशनों को विकास के लिए चिन्हित किया गया है और 172 स्टेशनों पर विकास कार्य पूर्ण हो चुका है। इनमें अयोध्या धाम, आनंदपुर साहिब, बरेली सिटी, जैसलमेर, कटक, शोरनूर जंक्शन, पोरबंदर, वारंगल, विदिशा, तिरुवन्नामलाई, सांची, साहेबगंज, ओखा, पालीताना, परेल और सेंट थॉमस माउंट जैसे प्रमुख स्टेशन शामिल हैं। रेल मंत्रालय ने सभी परियोजनाओं में सुरक्षा, यात्री सुविधा और समयबद्ध कार्यान्वयन पर विशेष ध्यान देने का आश्वासन दिया है।

## कोल इंडिया परिसर में सीआईएलओडबल्यूएस का सेवा अभियान, जरूरतमंद घरेलू सहायकों तक पहुंची मदद




**कोलकाता, समाज्ञा :** कोल इंडिया लिमिटेड ऑफिसर्स वाइव्स समिति (सीआईएलओडबल्यूएस) के सदस्यों ने रोहिणी स्थित कोल इंडिया कॉम्प्लेक्स, कोलकाता में एक विशेष दान अभियान का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद समुदायों को सहयोग प्रदान करना और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करना था। इस अभियान के तहत लगभग 200 घरेलू सहायकों को आवश्यक उपयोग की वस्तुएं वितरित की गईं। इन वस्तुओं में दैनिक जीवन में काम आने वाली जरूरी सामग्री शामिल थी, जिससे लाभार्थियों को प्रत्यक्ष सहायता मिल सके। सीआईएलओडबल्यूएस की इस पहल ने सामुदायिक कल्याण के प्रति संगठन की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाया है। समिति समय-समय पर इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंद वर्गों के समर्थन के लिए सक्रिय भूमिका निभाती रही है। इस आयोजन में सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया।

### बेंगलुरु में 26 फरवरी से इंडियावुड 2026 का आयोजन, वुडवर्किंग और फर्नीचर उद्योग को मिलेगी नई रफ्तार

**बेंगलुरु :** वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण उद्योग के लिए भारत में एक बार फिर इंडियावुड 2026 का आयोजन होने जा रहा है। यह द्विवार्षिक प्रदर्शनी 26 फरवरी से 2 मार्च तक बेंगलुरु स्थित बैंगलोर अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित की जाएगी। नूर्नबर्गमेस्से इंडिया द्वारा आयोजित इस 26वें संस्करण में 50 से अधिक देशों के 1,000 से ज्यादा ब्रांड भाग लेंगे और लगभग 90,000 उद्योग पेशेवरों इसमें शामिल होंगे। 85,000 वर्ग मीटर में फैली यह प्रदर्शनी पिछले संस्करण की तुलना में 15 प्रतिशत बड़ी है। नूर्नबर्गमेस्से इंडिया की प्रबंध निदेशक सोनिया प्रशार ने कहा कि इंडियावुड 2026 भारत के वुडवर्किंग और फर्नीचर उद्योग में वैश्विक महत्वाकांक्षा और तकनीकी परिपक्वता का प्रतीक है। यह प्रदर्शनी भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक भरोसेमंद केंद्र के रूप में स्थापित करती है। प्रदर्शनी भारत के वुडवर्किंग और फर्नीचर उद्योग में वैश्विक महत्वाकांक्षा, तकनीकी परिपक्वता और निर्यात क्षमता को बढ़ावा देगी। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता ('मदर ऑफ ऑल डील्स') के तहत भारतीय इंजीनियर्ड वुड उत्पादों और घटक को यूरोपीय बाजारों में आसान पहुंच मिलने की संभावना है। 27 फरवरी को आयोजित होने वाला वुड+ इन वास्तुकला और डिजाइन सम्मेलन वास्तुकला और सतत डिजाइन में लकड़ी की भूमिका पर चर्चा करेगा। साथ ही, इंडिया मैट्रेसटेक और अपहोल्स्ट्री एक्सपो, मैट्रेस और अपहोल्स्ट्री उद्योग के लिए विशेष बी2बी मंच के रूप में आयोजित होगा। इंडियावुड इकोसिस्टम भारतीय फर्नीचर उद्योग को वैश्विक तकनीक, सामग्री और सर्वोत्तम प्रथाओं से जोड़ते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करता है।

## कम ऊर्जा लागत और बेहतर रखरखाव से भारतीय रेल में वित्तीय अधिशेष, माल ढुलाई बढ़ने से फायदा : अश्विनी वैष्णव

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में बताया कि कम ऊर्जा लागत, बेहतर मेंटेनेंस प्रैक्टिस और बढ़ी हुई माल ढुलाई के कारण भारतीय रेल में वित्तीय अधिशेष दर्ज किया गया है। उन्होंने पिछले तीन वित्तीय वर्षों के आंकड़े साझा करते हुए कहा कि 2022-23 में रेलवे का ऑपरेटिंग रेशियो 98.10%, सकल यातायात प्राप्तियां 2,39,983 करोड़ और अधिशेष 2,517 करोड़ रहा। 2023-24 में ऑपरेटिंग रेशियो 98.43% और अधिशेष 3,260 करोड़ हुआ, जबकि 2024-25 में



ऑपरेटिंग रेशियो 98.22% और अधिशेष 2,660 करोड़ दर्ज किया गया। 2022-23 की तुलना में 2024-25 में सकल यातायात प्राप्तियों की संकलित वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 5.1% रही। मंत्री ने यह भी बताया कि जोनल रेलवे के अधिशेष या घाटे का विवरण भारतीय रेल के वार्षिक सांख्यिकीय विवरण में उपलब्ध है, जिसे आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि रेलवे की संचालन दक्षता, बेहतर रखरखाव प्रथाओं और माल ढुलाई में वृद्धि ने न केवल वित्तीय स्थिरता बढ़ाई है, बल्कि पूरे रेल नेटवर्क को और अधिक सक्षम और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस पहल से रेलवे की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और यात्री व माल ढुलाई दोनों सेवाओं में सुधार हुआ है।

# महेशतला में फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

## माइक्रोसॉफ्ट के नाम पर आरोपितों पर अमेरिकी नागरिकों से धोखाधड़ी का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता साइबर पुलिस ने दक्षिण कोलकाता के एक आवासीय अपार्टमेंट से संचालित हो रहे एक अवैध अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है और माइक्रोसॉफ्ट का रूप धारण करके अमेरिका में पीड़ितों को धोखा देने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां कोलकाता साइबर पुलिस स्टेशन में 1 नवंबर, 2025 को दर्ज किए गए उस मामले के संबंध में की गई हैं। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी और इसी मामले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों से प्राप्त सुरागों के आधार पर, साइबर पुलिस ने शुक्रवार के तड़के महेशतला थाना अंतर्गत जोते शिबरामपुर इलाके में स्थित ग्रीनफील्ड सिटी के एक आवासीय इकाई पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान, आठ आरोपियों को माइक्रोसॉफ्ट का रूप धारण करके अवैध कॉल सेंटर चलाते हुए और संयुक्त राज्य अमेरिका में पीड़ितों को निशाना बनाते हुए पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम गार्डन रीच के जुनैद अली (24), इंटाली के मोहम्मद साकिर (24), बेनियापुकुर के मोहम्मद खुर्शीद अख्तर (32), इंटाली के शादाब खान (31), तिलजाला के



कुंदन रॉय (24), न्यू मार्केट के मोहम्मद हुसैन अहमद खान (36), हुगली जिले के श्रीरामपुर के जाकिर खान (45) और करया के शेख अमीरुल्ला (18) है। इस अभियान के दौरान, पुलिस ने कथित धोखाधड़ी से सीधे तौर पर जुड़े भारी मात्रा में सबूत जब्त किए। जब्त की गई वस्तुओं में पांच लैपटॉप, दो वाई-फाई राउटर, बारह मोबाइल फोन और बड़ी मात्रा में डिजिटल सुराग और आपत्तिजनक इलेक्ट्रॉनिक डेटा शामिल है। जांचकर्ताओं के अनुसार, आरोपी इस मामले में पहले गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के सहयोगी थे और माइक्रोसॉफ्ट का रूप धारण करके एक फर्जी कॉल सेंटर चला रहे थे। आरोप है कि इस गिरोह ने चुनिंदा संपर्क विवरण अमेरिका में विभिन्न वेबसाइटों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर प्रसारित किए, और उन्हें गलत तरीके से माइक्रोसॉफ्ट के आधिकारिक ग्राहक और तकनीकी सहायता नंबर के रूप में पेश किया। तकनीकी सहायता प्रदान करने या माइक्रोसॉफ्ट खातों के लिए रिफंड की सुविधा देने के बहाने, पीड़ितों को टीमव्यूअर, अल्ट्राव्यूअर और एनीडेस्क जैसे रिमोट एक्सेस एप्लिकेशन इंस्टॉल करने के लिए राजी किया गया। इससे आरोपियों को पीड़ितों के कंप्यूटर सिस्टम तक अनधिकृत पहुंच प्राप्त करने में मदद मिली। पुलिस ने बताया कि इसके बाद धनराशि को निकाल लिया गया और विदेशी बैंक खातों और डिजिटल वॉलेट में स्थानांतरित कर दिया गया, या ऐप्पल गिफ्ट कार्ड में परिवर्तित कर दिया गया, जो कथित तौर पर गिरोह द्वारा नियंत्रित थे। अपनी पहचान और स्थान छिपाने के लिए, आरोपियों ने टर्बोवीपीएन सहित वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का इस्तेमाल किया और माइक्रोसॉफ्ट और संयुक्त राज्य अमेरिका में अन्य सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा जारी किए गए जाली इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों का उपयोग करके पीड़ितों को धोखा दिया।

### वाम मोर्चा बंगाल विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की तैयारी कर रहा : सलीम



**सिलीगुड़ी :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस द्वारा तालमेल से इनकार करने के बाद वाम मोर्चा विधानसभा का चुनाव अकेले लड़ने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि शुभंकर सरकार के नेतृत्व में राज्य कांग्रेस का रुख तृणमूल कांग्रेस के प्रति नरम प्रतीत होता है। सलीम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि माकपा और वाम मोर्चे के अन्य घटक दलों को नेतृत्व द्वारा पहले ही राज्य में विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने की तैयारी करने के लिए कहा जा चुका है।

### हावड़ा में माध्यमिक परीक्षा देकर लौट रहे छह छात्र घायल, एक की हालत गंभीर

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के जगतबल्लभपुर थाना अंतर्गत हांताल इलाके में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में इतिहास की परीक्षा देकर घर लौट रहे छह परीक्षार्थी घायल हो गए। घायलों में एक छात्र की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे इलाज के लिए कोलकाता रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, घायल सभी छह छात्र बरगाछिया प्रियनाथ स्कूल के छात्र हैं। माध्यमिक परीक्षा के लिए उनका परीक्षा केंद्र हांताल विशालक्ष्मी हाई स्कूल में पड़ा था। परीक्षा समाप्त होने के बाद छहों छात्र दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर घर लौट रहे थे। हांताल इलाके में अचानक एक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। पीछे से आ रही दूसरी बाइक भी नियंत्रण खो बैठी और पहली बाइक से टकरा गई। तेज आवाज सुनकर इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को सड़क से उठाकर प्राथमिक मदद दी। बाद में, उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। एक छात्र की हालत गंभीर होने के कारण उसे कोलकाता स्थानांतरित किया गया है। घटना की खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद इलाके में कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

### बासंती हाईवे पर सड़क दुर्घटना में महिला घायल, वाहन जब्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बासंती हाईवे के पागलाहाट के पास पर गुरुवार रात एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार एक महिला घायल हो गई। घायल महिला की पहचान अखतरुन मोल्ला(25) के रूप में हुई है, जो जिबंतला इलाके की रहने वाली हैं। दुर्घटना के बाद घायल महिला को पहले नलमुरी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिबंतला स्थित मीर क्लिनिक में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने बताया कि उन्हें शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। इस हादसे में शामिल वाहनों में एक मोटरसाइकिल और एक एमजीवी शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एमजीवी ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। हालांकि, मोटरसाइकिल चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई। पुलिस ने दोनों वाहनों को चालक सहित माधवपुर थाने ले जाकर जब्त कर लिया है। इस मामले की जांच जारी है।

### जेडीयू प्रदेश शाखा ने नीतीश मॉडल अपनाने की दी सलाह

**हुगली, समाज्ञा :** जेडीयू पश्चिम बंगाल प्रदेश शाखा ने सिंगूर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई। इस मौके पर प्रदेश शाखा ने नीतीश मॉडल को सामने रखते हुए हुगली और बर्दवान जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों जमालपुर, धनियाखाली और तारकेश्वर में प्रचार, सदस्यता भर्ती और सदस्यता नवीनीकरण अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में शिवचंद्र पांजा, ऋषि पुरकैत, ऋषि घोषाल, बासुदेव मुडी, शांति दास, पारुल गुचैत, हराधन गुचैत, उत्पल घोषाल समेत कई नेता मौजूद थे। इस दौरान, अशोक दास ने कहा कि जैसे सुभाष चंद्र को भूलने से आदर्शों से भटकाव होगा, वैसे ही 'नीतीश मॉडल' को न चुनने से पश्चिम बंगाल का विकास रुकेगा। नीतीश कुमार ने बिहार में जंगल राज हटाकर इंडस्ट्री की लहर लाई है। अगर आने वाले दिनों में बंगाल में नीतीश मॉडल लागू होता है, तो बेरोजगार युवाओं के सपने पूरे होंगे।

# बालागढ़ में बार से 51 लाख रुपये की नकदी बरामद, दो भाई गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के बालागढ़ में एक बार से 51 लाख रुपये नकद बरामद किया गया है। बालागढ़ पुलिस ने इस मामले में शुवोजित कुंडू और अभिजीत कुंडू नाम के दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि दोनों बार में एक किराए के कमरे में रह रहे थे। वे बांकुड़ा के शालतोड़ा के निवासी हैं। हालांकि, यह घटना बुधवार को हुई थी, लेकिन हुगली ग्रामीण पुलिस के डीएसपी (क्राइम) अभिजीत सिन्हा महापात्रा ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बारे में जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों भाइयों की तलाशी लेने पर उनके पास से करीब 41 लाख 53 हजार 500 रुपये नकद बरामद हुआ। बार में उनके किराए के कमरे की भी तलाशी ली गई। वहां से और



10 लाख रुपये बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक, कुल मिलाकर 51 लाख रुपये बरामद हुए। इसी दौरान, उनके पास से एक पैसे गिनने की मशीन, एक लैपटॉप और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपियों द्वारा इस्तेमाल की गई एक चार पहिया गाड़ी भी जब्त की है। इसके अलावा, पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार किए गए लोग पूछताछ के दौरान पैसे के सही सोर्स के बारे में नहीं बता पाए। बालागढ़ पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# आरजी कर अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के मामले में ईडी ने दाखिल किया आरोप-पत्र

**संदीप घोष को बनाया मुख्य आरोपी, तीन अन्य लोग भी नामजद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के एक मामले के संबंध में कथित धन शोधन की जांच के सिलसिले में यहां एक विशेष अदालत के समक्ष शुक्रवार को आरोप-पत्र दाखिल किया। मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और तीन अन्य लोगों को संघीय जांच एजेंसी ने आरोपी बनाया है। संदीप घोष के साथ बिप्लब सिन्हा और सुमन हाजरा नाम के दो निजी विक्रेताओं को भी आरोपी के रूप में नामजद किया है। दवाओं और मेडिकल उपकरणों की सप्लाई करने वाली एजेंसी हाजरा मेडिकल का नाम भी इस आरोपपत्र में शामिल है। ईडी ने एक बयान में कहा कि उसकी जांच में पाया गया है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के खातों से ठेकेदारों के खातों में जमा की गई 'पर्याप्त' रकम का ठेकेदारों के साथ मिलीभगत करके व्यवस्थित रूप से 'गबन कर लिया गया', या तो उनके करीबी सहयोगियों को जारी किए गए चेक के माध्यम से निकासी करके या सहयोगी फर्म को हस्तांतरण करके और फिर नकदी के रूप में निकाल लिया गया। एजेंसी ने आरोप लगाया कि अपराध से प्राप्त धन को अन्य निधियों के साथ मिला दिया गया, नकदी के रूप में निकाला गया और वित्तीय लेन-देन के कई स्तरों के माध्यम से भेजा गया। ईडी ने कहा कि ऐसे अवैध लाभ और संरक्षण देने के बदले घोष ने संबंधित ठेकेदारों को 6.89 करोड़ रुपये के ठेके देकर उनसे अवैध रिश्वत और आर्थिक लाभ प्राप्त किया। बता दें कि ईडी ने इससे पहले घोष की 52.38 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क की थी।

### भ्रष्टाचार के मामले में आरजी कर अस्पताल के पूर्व डिप्टी सुपर अख़्तर अली के खिलाफ वारंट जारी

आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के एक मामले में पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली के खिलाफ एक विशेष सीबीआई अदालत ने शुक्रवार को गैर-जमानती वारंट जारी किया। अली के वकील ने दावा किया कि वह अस्पताल में कथित भ्रष्टाचार मामले में 'व्हिसलब्लोअर' (भंडाफोड़ करने वाले) हैं, इसलिए कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। अलीपुर अदालत में विशेष सीबीआई अदालत के न्यायाधीश ने अली के खिलाफ वारंट जारी करने का आदेश दिया। बता दें कि अली पर केंद्रीय एजेंसी ने संबंधित अवधि के दौरान निविदा प्रक्रिया में अवैध गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया है। अली अदालत में मौजूद नहीं थे। उनके वकील ने न्यायाधीश के सामने कहा कि वह बीमार हैं, जिसके कारण वह सुनवाई के दौरान अदालत में पेश नहीं हो पाए। हालांकि, सीबीआई ने इस दलील पर आपत्ति जताते हुए कहा कि उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद आख़्तर अली जानबूझकर अदालत में पेश नहीं हुए।

# एसआईआर : आज राज्य में सुनवाई का आखिरी दिन

## चुनाव आयोग का दावा, नोटिस देने के बाद भी नहीं पेश हुए मतदाता

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से जुड़े दावे और आपत्तियों की सुनवाई में अब भी बड़ी संख्या में मतदाता पेश नहीं हुए हैं। राज्य में 50 हजार से अधिक 'अनमैप्ड' मतदाता और 3.5 लाख से ज्यादा 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' वाले मतदाता सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं हुए हैं। ऐसे मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ कार्यालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार, 'अनमैप्ड' श्रेणी में कुल 31,68,426 मतदाताओं को सुनवाई के लिए बुलाया गया था। इनमें से 50 हजार से कुछ अधिक, यानी करीब 1.57 प्रतिशत मतदाता बार-



बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद पेश नहीं हुए। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) ने इन्हें अंतिम सूची से हटाए जाने योग्य माना है। इसी तरह 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' मामलों में कुल 94,49,132 मतदाताओं को चिह्नित कर सुनवाई के लिए बुलाया गया। इस श्रेणी में अब तक 3.5 लाख से अधिक मतदाता, यानी लगभग 3.70 प्रतिशत, सुनवाई में नहीं पहुंचे हैं। चुनाव आयोग ने भरोसा जताया है कि अधिकांश मामलों की सुनवाई तय समय-सीमा में पूरी कर ली जाएगी।

**मतदाता का नाम हटाने से पहले भेजी जाएगी सूचना**

सूत्रों ने बताया कि किसी भी मतदाता का नाम अंतिम रूप से हटाने से पहले उन्हें व्यक्तिगत रूप से सूचना भेजी जाएगी, जिसमें नाम हटाने के प्रस्ताव के कारण बताए जाएंगे। 'अनमैप्ड' मतदाता वे हैं, जिनका 2002 की मतदाता सूची से नाम नहीं है और न ही वे अपने परिजनों के जरिए अपना संबंध स्थापित कर सके। वहीं 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' वे मामले हैं, जिनमें परिजनों की जानकारी जुटाने के दौरान पारिवारिक विवरण में असामान्यताएं पाई गईं।

**कुछ क्षेत्रों में बढ़ सकती है समयसीमा**

सुनवाई की प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तारीख 7 फरवरी तय की गई है, जबकि अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जानी है। सीईओ कार्यालय के एक अधिकारी के मुताबिक, राज्य की 294 विधानसभा सीटों में से केवल लगभग 15 सीटों पर ही सुनवाई अभी पूरी नहीं हो पाई है। जरूरत पड़ने पर इन क्षेत्रों में चुनिंदा तौर पर दो दिन का अतिरिक्त समय दिया जा सकता है।

# प्रेमिका को बंधक बनाने और उसके साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के एक लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को अपनी गर्लफ्रेंड को जबरन बंधक बनाने और उसके साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में गुरुवार की रात गिरफ्तार किया गया। आरोपित का नाम शमिक अधिकारी है, जो सोशल मीडिया पर 'नॉनसेन' नाम से जाना जाता है। पुलिस के मुताबिक, वह बेहाला इलाके का निवासी है और शिकायतकर्ता उसकी परिचित युवती है। शिकायत में 22 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया है कि गत दो फरवरी को वह दोस्ती के चलते आरोपित के घर गई थी, जहां उसे रात करीब 9.30 बजे से अगले दिन शाम 5 बजे तक लगभग 20 घंटे तक जबरन रोके रखा गया। इस दौरान, उसके साथ मारपीट की गई, घूंसे



मारे गए और जान से मारने की धमकी दी गई। युवती का यह भी आरोप है कि आरोपित ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं और कपड़े खींचे। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद कथित तौर पर यह घटना हुई। बुधवार को पीड़िता ने बेहाला थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। इसके आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 127(2), 115(2), 74 और 351(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की और गुरुवार की रात को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। अब तक आरोपित की ओर से कोई सार्वजनिक बयान नहीं आया है। इस बीच, यूट्यूबर के पिता ने अपने बेटे को झूठे मामले में फंसाने का आरोप लगाया है।

# भारत की सीमाएं सुरक्षित हाथों में नहीं : विधायक अरिंदम गुइन

**हुगली, समाज्ञा :** वैधवाटी स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में विधायक अरिंदम गुइन ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग पश्चिम बंगाल में बार-बार घुसपैठ का मुद्दा उठाते हैं, वही देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। यदि सीमाएं सुरक्षित हाथों में होतीं, तो सीमा पार से एक भी घुसपैठिया देश में प्रवेश नहीं कर पाता। इससे साफ है कि भारत की सीमाएं सुरक्षित नहीं हैं। अरिंदम गुइन ने कहा कि बंगाल में रोहिंग्या मुद्दे को लेकर शोर मचाने वाले केंद्रीय गृहमंत्री बताएं कि एसआईआर कराकर कितने रोहिंग्याओं को बंगाल से बाहर भेजा गया। आम जनता परेशान है और भाजपा जुमलों की सरकार है, जो झूठे वादों के जरिए वोट बटोरने का काम करती है। इस दौरान, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पेश किए गए राज्य बजट की सराहना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह कृषक-हितैषी बजट है। खेत मजदूरों को सालाना 4,000 रुपये देने की घोषणा की गई है, जो दो किस्तों में 2,000 रुपये के रूप में मिलेगी। इसके विपरीत केंद्र सरकार ने किसानों पर लाठियां बरसाईं। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं से राज्य के



लाखों किसान लाभान्वित होंगे। आशा कर्मियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के वेतन में वृद्धि की गई है। लक्ष्मी भंडार योजना के तहत अब और अधिक महिलाओं को लाभ मिलेगा। सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए राशि 1,000 से बढ़ाकर 1,500 रुपये तथा अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए 1,700 रुपये कर दी गई है। वर्तमान में 2 करोड़ 21 लाख महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हैं। इसके अलावा, 21 से 40 वर्ष के बेरोजगार युवाओं को 1,500 रुपये की सहायता, भूमिहीन खेत मजदूरों को 4,000 रुपये वार्षिक सहायता तथा 'युवा साथी' योजना के तहत माध्यमिक उत्तीर्ण युवाओं को 1,500 रुपये मासिक सहायता देने की घोषणा की गई है। मिताली बाग ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हर वर्ग के साथ खड़ी रहती हैं और जुमलेबाजी नहीं करतीं। वहीं, नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी के बयान पर पलटवार करते हुए असीमा पात्रा ने कहा कि जहां डबल या ट्रिपल इंजन की सरकारें हैं, वहां भाजपा ने क्या किया है-वे सिर्फ मिथ्या प्रलोभन देती हैं। अरिंदम गुइन ने आरोप लगाया कि भाजपा ने बिहार और मध्य प्रदेश में चुनावी वादों के जरिए जनता को धोखा दिया। मणिपुर और उत्तर प्रदेश का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं वहां अधिक हैं, लेकिन बंगाल को लेकर भाजपा बेवजह विलाप करती है और अपने शासित राज्यों पर चुप्पी साधे रहती है। उन्होंने केंद्र के बजट को भी लोकलुभावन बताया। प्रेस वार्ता में आरामबाग की सांसद मिताली बाग और धनियाखाली की विधायक असीमा पात्रा उपस्थित रहीं।

# ममता राज में मदरसों का बजट 12 गुना बढ़ा, भाजपा ने पूछा... 'डर कर दिया, या वोटों के लिए?'

**नई दिल्ली/कोलकाता :** ममता बनर्जी सरकार ने राज्य में मदरसा शिक्षा के लिए 5,713 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है। तृणमूल कांग्रेस के राज्य में सत्ता में आने के समय यह बजट करीब 472 करोड़ रुपये था जो अब लगभग 12 गुना बढ़ चुका है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी सरकार चुनाव में अल्पसंख्यक वोटों के लिए मुस्लिमों का तुष्टिकरण कर रही है। पार्टी ने पूछा है कि ममता बनर्जी को बताना चाहिए कि मदरसों के बजट में इतना भारी वृद्धि किस कारण की गई है। शुक्रवार को भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार मदरसा शिक्षकों के नाम पर मस्जिद में अजान देने वाले मुअज्जिनों का वेतन बढ़ाकर मुसलमानों का समर्थन हासिल करना चाहती है। उन्होंने कहा कि यदि



मुसलमान बच्चों की शिक्षा को बेहतर करने के लिए बजटीय प्रावधान किया गया होता तो इसका स्वागत किया जाता, लेकिन सरकार ने बच्चों की शिक्षा की बजाय केवल मुस्लिम समुदाय के तुष्टिकरण पर खर्च किया गया है। ममता बनर्जी को बताना चाहिए कि वह यह बजटीय वृद्धि किस कारण कर रही है। उन्होंने कहा कि वे बताएं कि वे मुसलमानों से डर कर यह बजट बढ़ा रही हैं या इसके पीछे सरकार की कोई और राजनीतिक चाल है। त्रिवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेब भट्टाचार्य ने कुछ मदरसों की हरकतों पर गहरे सवाल खड़े किए थे। उन्होंने इन मदरसों के पाकिस्तान से संबंध होने के साथ-साथ कुछ मदरसों में गंभीर आपराधिक गतिविधियों के होने तक की बात कही थी। उन्होंने कहा कि, लेकिन ममता बनर्जी सरकार केवल मुसलमानों का वोट लेने के लिए राज्य की सुरक्षा को ताक पर रख रही है। इसके भविष्य में गंभीर परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने अपने बजट में माइनॉरिटी अफेयर्स और मदरसों के लिए 5713 करोड़ रुपये का आवंटन किया है, जबकि इंडस्ट्री और कॉमर्स के लिए मात्र 1400 करोड़ रुपये रखे हैं। इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के लिए 217 करोड़ रुपये, साइंस व रिसर्च के लिए केवल 82 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि ममता बनर्जी द्वारा प्रस्तुत बजट में विकास के प्रति पूरी तरह निर्ममता दिखाई देती है और मां, माटी, मानुष की जगह मौलवी और मदरसा को ममता दी गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि एक तरफ मुस्लिम समाज की 87 में से 78 जातियों को ओबीसी का दर्जा देकर पहले उन पर संवैधानिक ममता उड़ेली गई और अब वित्तीय ममता भी उड़ेली जा रही है। मौलवी और मुअज्जिन को जो पैसा मिलेगा, उसके लिए किसी प्रकार का रेजिडेंशियल या रेजिडेंसी प्रूफ भी नहीं मांगा जा रहा है। इससे यह साफ है कि इंडी गठबंधन, जो अपने जिस मूल विचार पर चल रहा है, वह तमिलनाडु से लेकर पश्चिम बंगाल तक अत्यंत विद्रूप और विकृत स्वरूप में दिखाई पड़ रहा है।

# नशे के लिए पैसे न मिलने पर पिता के हाथों बेटे की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी में नशे के लिए पैसे न मिलने पर हुए विवाद में एक पिता के हाथों बेटे की हत्या हो गई। यह घटना सिलीगुड़ी के नरेश मोड़ इलाके की है। मृतक की पहचान निमाई पाल के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपित पिता नीलकांत पाल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, निमाई पाल लंबे समय से मादक पदार्थों का आदी था। नशे के चलते वह अक्सर घर में झगड़ा करता और माता-पिता के साथ मारपीट करता था। गुरुवार की रात भी उसने नशे के लिए पिता से पैसे मांगे। पैसे न मिलने पर वह माता-पिता के साथ मारपीट करने लगा। इसी दौरान, पिता और बेटे के बीच हाथापाई हुई, जिसमें युवक गिर पड़ा और उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। चोट लगने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर आशिघर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित पिता नीलकांत पाल को गिरफ्तार कर लिया। युवक के शव को बरामद कर सिलीगुड़ी जिला अस्पताल भेजा गया है। शुक्रवार को उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। परिजनों और पड़ोसियों के मुताबिक, युवक कई वर्षों से नशे का शिकार था। परिवार की ओर से उसे नशा मुक्ति केंद्र (रिहैब) भेजने सहित कई प्रयास किए गए, लेकिन वह सफल नहीं हो सके। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# राजनीतिक चेतना उपसमिति की बैठक संपन्न, नागरिक जागरूकता पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता स्थित अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के केंद्रीय कार्यालय सभागार में 5 जनवरी 2026 को राजनीतिक चेतना उपसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजनीतिक चेतना उपसमिति के चेयरमैन डॉ. सावर धनानिया ने की। उन्होंने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए उपसमिति के गठन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। उपसमिति के संयोजक अरुण प्रकाश मल्लावत ने बैठक का संचालन किया और सभी सदस्यों का परिचय कराया। डॉ. सावर धनानिया ने स्पष्ट किया कि उपसमिति का उद्देश्य किसी राजनीतिक दल से जुड़ना नहीं, बल्कि नागरिक जागरूकता और



संवैधानिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी समाज का देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, लेकिन नीतिगत विमर्श में संगठित भागीदारी सीमित रही है। उपसमिति युवाओं और महिलाओं में नागरिक चेतना बढ़ाने, तथ्य-आधारित समझ विकसित करने और संविधानसम्मत रचनात्मक सुझावों तक सीमित रहने के सिद्धांत पर कार्य करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार गोयनका (जूम) के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि समिति का गठन सार्थक दिशा में कदम है। उन्होंने सभी प्रांतों को जोड़ने और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया तथा प्रत्येक प्रांत से एक पर्यवेक्षक नियुक्त करने का सुझाव दिया। राष्ट्रीय महामंत्री केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि राजनीतिक चेतना की शुरुआत घर से होती है और जागरूक नागरिक ही मजबूत समाज बनाते हैं। बैठक में निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री पवन बंसल तथा उपसमिति सदस्य अरुण गाड़ोदिया, नंदलाल सिंघानिया और कमल नोपानी (जूम) ने भी विचार रखे। अंत में राजनीतिक चेतना उपसमिति के संयोजक अरुण प्रकाश मल्लावत ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जांच में फर्जी निकली

**रांची:** झारखंड के रांची सिविल कोर्ट को शुक्रवार को परिसर में बम विस्फोट करने की धमकी वाला एक ई-मेल प्राप्त हुआ, हालांकि बाद में यह धमकी झूठी निकली, क्योंकि कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। रांची सिविल कोर्ट की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर बम विस्फोट की धमकी प्राप्त हुई थी। कोतवाली के पुलिस उप अधीक्षक प्रकाश सोय ने बताया कि पुलिस ने ईमेल का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, अभी तक तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। बम निरोधक दस्ते के सदस्य गणेश पान ने कहा, परिसर की विस्तृत तलाशी ली गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### बलिया में संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी की मौत

**बलिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के नागपुर गांव में एक किशोरी की मौत उसके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रसड़ा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आलोक गुप्ता ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम को लाजो राजभर (17) को मृत अवस्था में रसड़ा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि किशोरी की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मृत्यु के मामले में अभय कुमार को रिहा करने का निर्देश

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मृत्यु के मामले में एमजेड विजटाउन प्लानर्स के निदेशक अभय कुमार को तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया है। अदालत ने पाया कि अनिवार्य प्रक्रियाओं का पालन किए बगैर अभय की गिरफ्तारी की गई थी। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ एवं न्यायमूर्ति जय कृष्ण उपाध्याय की पीठ ने कहा कि पुलिस गिरफ्तारी मेमो के उपबंध 13 के तहत प्रक्रिया का पालन करने में विफल रही। इस मेमो के तहत आरोपी को गिरफ्तारी का कारण बताना और उसे हिरासत में लेने से पूर्व मेमो की एक प्रति उपलब्ध कराना आवश्यक है। अदालत ने अभय कुमार द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका बृहस्पतिवार को स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिका में प्रतिवादियों (पुलिस) को बंदी/याचिकाकर्ता को अवैध हिरासत से निकाल कर पेश करने और रिहा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

### यूपी के मिर्जापुर में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**मिर्जापुर :** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में कथित तौर पर एक युवती ने दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ड्रमंडगंज के थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मरने वाले की पहचान मड़वा धनावल गांव निवासी रागिनी केशरी (20) के रूप में हुयी है। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार की रात रागिनी खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई। शुक्रवार सुबह जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो उसके भाई अंकित केशरी ने कमरे में देखा, तो रागिनी दुपट्टे के सहारे फंदे से लटक रही थी।

### उत्तर प्रदेश में गो सरंक्षण पर आधारित फिल्म 'गोदान' को कर मुक्त किया गया

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने गो संरक्षण पर आधारित फिल्म 'गोदान' को राज्य में कर मुक्त कर दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विनोद चौधरी द्वारा निर्मित व निर्देशित यह फिल्म शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज की गई। यहां जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुई बैठक में फिल्म को कर मुक्त करने का फैसला किया गया।

# अपने स्कूल पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ, भवन का किया लोकार्पण

**उत्तराखंड सरकार और सीएम धामी की तारीफ**



**यमकेश्वर (देहरादून) :** यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ ने जनता इंटर कॉलेज यमकेश्वर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराह्न करीब सवा तीन बजे यमकेश्वर स्थित हेलिपैड पर पहुंचे। यहां जन प्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। उसके बाद योगी आदित्यनाथ हेलिपैड से कुछ ही दूरी पर स्थित यमकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। मंदिर में करीब 10 मिनट तक पूजा-अर्चना की। योगी आदित्यनाथ उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी के साथ दोपहर 3:34 बजे जनता इंटर कॉलेज यमकेश्वर पहुंचे और नवनिर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भव्य भवन उपलब्ध हुआ है। एक माह बाद छात्र-छात्राओं के लिए फर्नीचर सहित अन्य सभी मूलभूत जरूरतें पूरी की जाएंगी। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के इस ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने पर केंद्र और राज्य सरकार का जो विशेष ध्यान है, उसी के अनुरूप यहां सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है कि उत्तराखंड अपनी स्थापना के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश करते हुए निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें अध्ययन के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान पर भी विशेष बल दिया गया है। उत्तराखंड सरकार इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है। कहा कि देवभूमि उत्तराखंड आज धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण करते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जो देश के अन्य राज्यों के लिए प्रेरणास्रोत है। राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ सनातन संस्कृति एवं धार्मिक स्थलों के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दे रही है।

### राजस्थान में कई जगह अधिकतम तापमान बढ़ा, सर्दी से राहत

**जयपुर:** मौसम बदलने से राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है, जिससे लोगों को कड़ाके की सर्दी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार शुक्रवार सुबह तक के 24 घंटों के दौरान राज्य में मौसम शुष्क रहा। हालांकि कहीं-कहीं पर हल्का कोहरा दर्ज किया गया। इस दौरान राजस्थान में अधिकतम तापमान बाड़मेर में 30.3 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान फतेहपुर (सीकर) और नागौर में 3.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम में बदलाव से राज्य के अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, पिलानी, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर व जोधपुर में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया जो सामान्य से अधिक है। मौसम विभाग का अनुमान है कि राज्य में आगामी तीन से चार दिन मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान कई जगह आंशिक बादल छाए रहेंगे। एक नया पश्चिमी विक्षोभ आठ फरवरी की रात से सक्रिय होगा।

## यूपी में डॉग शेल्टर होम्स और एबीसी केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया तेज



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने आवारा कुत्तों की समस्या और पूरे राज्य में कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर रूख अपनाते हुए, नगर निगमों एवं जिला मुख्यालयों में डॉग शेल्टर होम्स और एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। एक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार शासन स्तर पर इसे प्राथमिकता देते हुए भूमि चिह्नीकरण, बजट निर्धारण और परियोजना स्वीकृति की कार्रवाही एक साथ आगे बढ़ाई जा रही है। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में दिशा निर्देश जारी की थी। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान मानवीय, वैज्ञानिक एवं स्थायी तरीके से किया जाए। सरकार का मानना है कि डॉग शेल्टर होम एवं एबीसी सेंटर की प्रभावी व्यवस्था से जहां एक ओर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर पशु कल्याण को भी मजबूती मिलेगी। नगर निगम क्षेत्रों में पहले से संचालित अथवा प्रस्तावित एबीसी सेंटरों के साथ ही डॉग शेल्टर होम विकसित किए जायेंगे। इसके लिए प्रत्येक नगर निगम को निर्देशित किया गया है कि वह उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराए और आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करे। शासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह पूरी प्रक्रिया शीर्ष अदालत की दिशा निर्देशों एवं पशु कल्याण से जुड़े मानकों के अनुरूप की जा रही है। उप्र सरकार ने डॉग शेल्टर होम के लिए अलग से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

## संभल में सरकारी स्कूल की दीवार पर कुरान की आयतों वाला पोस्टर लगाने पर विवाद, जांच के आदेश



**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में एक सरकारी स्कूल की दीवारों पर कथित तौर पर कुरान की आयतों वाले पोस्टर लगाए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। विश्व हिंदू परिषद (वीहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को स्कूल परिसर पहुंचकर विरोध-प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और संबंधित स्कूल की प्रधानाचार्या एवं शिक्षक के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक, यह मामला चंदौसी तहसील के कुरह फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के नगला पुरवा गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि स्कूल की दीवारों पर कथित तौर पर कुरान की आयतों वाले पोस्टर लगाए जाने और राष्ट्रीय नेताओं व अन्य हस्तियों की तस्वीरें हटाए जाने की सूचना मिलने के बाद विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता विद्यालय परिसर पहुंचे। अधिकारियों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मां सरस्वती, भारत माता, सुभाष चंद्र बोस, रवींद्रनाथ टैगोर और अन्य प्रख्यात हस्तियों की तस्वीरें दीवारों से हटा दी गई हैं। अधिकारियों के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन के समक्ष शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया है कि स्कूल का इस्तेमाल धार्मिक शिक्षाओं को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है।

## आम आदमी पार्टी के नेता की जालंधर में गोली मारकर हत्या



**चंडीगढ़:** पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) के नेता लक्की ओबेरॉय की शुक्रवार को जालंधर के मॉडल टाउन में एक गुरुद्वारे के बाहर अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। जालंधर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने फोन पर बताया कि यह घटना सुबह हुई। ओबेरॉय अपने वाहन से गुरुद्वारा पहुंचे थे तभी दोपहिया वाहन पर सवार हमलावरों ने उन पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने बताया कि उन्हें जालंधर के एक अस्पताल ले जाया गया लेकिन गंभीर रूप से घायल होने के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया। उसने कहा कि मामले की जांच जारी है।

## झारखंड : विदेशी शराब और गांजा बरामद, 11 गिरफ्तार



**रांची/गोड्डा:** झारखंड के हज़ारीबाग और गोड्डा जिलों में अलग-अलग कार्रवाइयों में पुलिस ने विदेशी शराब एवं गांजा बरामद कर इस संबंध में 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हजारीबाग जिले में बृहस्पतिवार को दो अलग-अलग स्थानों से चार लोगों को अवैध विदेशी शराब के साथ पकड़ा गया, जिसकी कीमत लगभग 17 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंजनी अंजन ने कहा कि आरोपियों में से दो को कार में 192 बोतल अवैध विदेशी शराब ले जाते हुए रोका गया, जबकि अन्य दो को दूसरी गाड़ी में 210 बोतल के साथ पकड़ा गया। गोड्डा में पुलिस ने सियारकटिया गांव में एक घर में छापेमारी कर अवैध विदेशी शराब निर्माण इकाई का भंडाफोड़ किया और सात लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि इस दौरान 40 किलोग्राम गांजा, 40 लीटर अवैध विदेशी शराब और विभिन्न ब्रांडों के नकली स्टिकर बरामद किए गए। एसडीपीओ अशोक रविदास ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में यूनिट के मुख्य संचालक भी शामिल हैं। बरामद गांजे की कीमत लगभग 27 लाख रुपये अनुमानित है।

## बहराइच में नौका दुर्घटना से प्रभावित 136 परिवारों को बसाने की प्रक्रिया शुरू

**बहराइच (उप्र):** नेपाल की सीमा से लगते बहराइच जिले के भरथापुर गांव में पिछले साल एक नौका दुर्घटना से प्रभावित 136 परिवारों को उत्तर प्रदेश सरकार की पहल के बाद बसाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तीन तरफ नदी व एक तरफ जंगल से घिरे टापू सरीखे नेपाल सीमा से सटे भरथापुर गांव के 136 प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सेमरहना गांव में सर्व सुविधायुक्त कॉलोनी बनाकर बसाने के क्रम में आवंटन प्रक्रिया की बृहस्पतिवार को औपचारिक शुरूआत कर दी गई। जिलाधिकारी (डीएम) अक्षय त्रिपाठी ने संवाददाताओं से कहा, ''ग्राम भरथापुर के 136 परिवारों के विस्थापन व पुनर्वास के संबंध में मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के बाद बृहस्पतिवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सेमरहना गांव में कॉलोनी बनाकर आवास बनाने, कृषि भूमि चिह्नित करने व आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।' पिछले साल 29 अक्टूबर को साप्ताहिक बाजार से लौट रहे ग्रामीणों को ले जा रही एक नौका कौडियाला नदी में पलट गई थी। इस घटना में 13 लोगों को बचा लिया गया, लेकिन महिलाओं और बच्चों सहित नौ लोग डूब गए। शव कई दिनों की मशक्कत के बाद बरामद किए गए, जबकि दो बच्चे अब भी लापता हैं।

## छह साल में तीन महिलाओं से किया विवाह, दहेज के लिये छोड़ा

**झांसी (उप्र):** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के बबीना थाने में एक आदमी पर पिछले छह सालों में तीन महिलाओं से शादी करने और दहेज के लिए परेशान करने के बाद उन्हें छोड़ने का आरोप लगा है, जिसके बाद उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पति से उत्पीड़ित इन तीनों महिलाओं ने एक साथ मिलकर पुलिस अधिकारी से उसके खिलाफ शिकायत की थी, फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि यह मामला तब सामने आया जब तीनों महिलाएं - शिवानी अहिरवार, राखी और ज्योति - अपने पति सुनील कुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए एक साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में पहुंचीं। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि ललितपुर जिले के जमुरा माही के रहने वाले उनके पति सुनील कुमार ने 2019, 2021 एवं 2023 में एक दूसरे को धोखे में रखकर लगातार तीन शादियां की और तीनों को दहेज के नाम पर उत्पीड़ित करते हुए घर से निकाल दिया था। तीसरी पत्नी शिवानी के अनुसार तो सुनील ने उस नाजुक समय में मारपीट कर घर से निकाल दिया था जब वह गर्भवती थी और अब वह तलाक की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी भी देता है वह अपनी एक साल की बच्ची के साथ मायके में रह रही है। बबीना के गोपालपुरा की रहने वाली शिवानी ने आरोप लगाया कि जब वह गर्भवती थी, तो कुमार ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। वह अभी अपनी एक साल की बेटी के साथ अपने माता-पिता के घर रह रही है और उसने दावा किया कि कुमार अब उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। महिलाओं ने आगे आरोप लगाया कि कुमार का मकसद दहेज, गहने और नकद हड़पना था। शादी के कुछ महीनों बाद, वह कथित तौर पर उनसे तलाक की मांग करते हुए उन्हें घर से बाहर निकाल देता था।

# बिहार में खुलेंगे तीन नए निगरानी थाने, अदालत की संख्या भी बढ़ेगी : अपर मुख्य सचिव



**पटना:** बिहार के निगरानी विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) अरविंद कुमार चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है और इसके तहत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम बेहतर प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही अररिया, पूर्णिया और कटिहार जिलों में तीन नए निगरानी थाने खोले जाएंगे। चौधरी ने कहा कि निगरानी थानों के उद्घाटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य में विशेष अदालतों की संख्या बढ़ाने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। एसीएस निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के सभागार में आयोजित तृतीय सतर्कता सम्मान समारोह सह कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। समारोह का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव चौधरी, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के महानिदेशक जितेंद्र सिंह गंगवार और पुलिस महानिरीक्षक गरिमा मल्लिक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर भ्रष्टाचार उन्मूलन में सहयोग करने वाले लोक अभियोजकों, धावा दल प्रभारियों, परिवादियों, अनुसंधानकर्ताओं और सत्यापनकर्ताओं को सम्मानित किया गया। चौधरी ने कहा कि नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद यह अपेक्षा की जा रही है कि तीन वर्षों के भीतर कानूनी प्रक्रिया पूरी हो जाए। उन्होंने विभाग की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि पुराने मामलों में भी तेजी आई है।

### प्रेमी के साथ भागी बेटी का पिता ने श्राद्ध किया, कहा- वह मर चुकी है हमारे लिये

**उदयपुर:** राजस्थान के उदयपुर में एक युवती के प्रेमी के साथ भाग जाने के बाद उसके पिता ने यहां दावा किया कि उसकी बेटी 'मर चुकी' है और उसने उसका श्राद्ध किया और पिता समेत पूरे परिवार ने शोक संदेश छपवाकर बेटी का मृत्युभोज भी किया। यह कथित घटना उदयपुर शहर के बाहरी इलाके के एक गांव से सामने आई है, जहां एक लड़की कथित तौर पर अपने प्रेमी के साथ भाग गई। पिता ने यहां संवाददाताओं को बताया कि उसने पुलिस की मदद से अपनी बेटी को ढूंढ निकाला और 28 जनवरी को उससे मुलाकात की । उसने दावा किया कि उसने दो दिन तक उससे बात की, लेकिन बेटी ने वापस लौटने अथवा परिवार की सलाह मानने से इनकार कर दिया।

## न्यूज अपडेट

### समाज को दिशा देते हैं संत मुनि: मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि संत, मुनि, महंत समाज को दिशा देने का काम करते है तथा हमारी समृद्ध संस्कृति को दुनियाभर में पहुंचाते है। शर्मा लाडनूं के जैन विश्व भारती परिसर में एक प्रवचन हॉल के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाए।

### रांची में कारोबारी ने अपार्टमेंट की छठी मंजिल से कूदकर आत्महत्या की

**रांची:** रांची के एक व्यवसायी ने यहां अपने अपार्टमेंट की छठी मंजिल से कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े 10 बजे हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र में घटी। पुलिस अधीक्षक (नगर) पारस राणा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'व्यवसायी अनुराग सरावगी को किसी से फोन पर तेज आवाज में बात करते हुए सुना गया था। उनके कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद उन्होंने अचानक अपार्टमेंट की छठी मंजिल से छलांग लगा दी।' राणा ने बताया कि उनके कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है। कोतवाली पुलिस थाने के पुलिस उपाधीक्षक प्रकाश सोय ने बताया कि घटना के समय सरावगी के बुजुर्ग माता-पिता अपार्टमेंट की पहली मंजिल पर थे, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे वहां मौजूद नहीं थे। सोय ने बताया, 'शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह आत्महत्या का मामला है।'' शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया है।

### राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर में बम होने की धमकी फर्जी निकली

**जयपुर:** राजस्थान उच्च न्यायालय के जयपुर और जोधपुर परिसर में शुक्रवार को बम होने की धमकी मिलने के बाद उन्हें खाली कराया गया। हालांकि, तलाशी के बाद पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस ने बताया कि उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को शुक्रवार सुबह इस बारे में एक ईमेल मिला। इसमें दावा किया गया था कि अदालत परिसर के अंदर तीन बम लगाए गए हैं। अदालत प्रशासन ने पुलिस को इसकी सूचना दी और तुरंत परिसर खाली करने का आदेश दिया। बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते को मौके पर भेजा गया। इन दस्तों ने जयपुर और जोधपुर में परिसर की तलाशी शुरू की। हालांकि, जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। बाद में वकीलों और मुवक्किलों को प्रवेश की अनुमति दे दी गई।

### बिजनौर में जहर खाने से नौवीं कक्षा की छात्रा की मौत, पुलिस को प्रेम प्रसंग का अंदेशा

**बिजनौर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में एक छात्रा की कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गयी। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। नगीना के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि यह घटना देवीपुरा गांव में हुई, जहां कक्षा नौ की एक छात्रा (15) ने बृहस्पतिवार को जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, लड़की के परिवार ने उसी समुदाय और गांव के एक युवक पर इस घटना के संबंध में आरोप लगाया है।

### चाचा ने ढाई साल की भतीजी के साथ दुष्कर्म किया, फांसी लगाकर आत्महत्या की

**पीलीभीत (उप्र):** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के दियोरिया थाना क्षेत्र में कथित तौर पर एक व्यक्ति ने ढाई साल की भतीजी के साथ दुष्कर्म करने के बाद ख़ुद फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विक्रम दहिया ने पत्रकारों को बताया कि बृहस्पतिवार शाम को दियोरिया कोतवाली पुलिस क्षेत्र के कटैया निवासी राजेंद्र उर्फ नन्नू (25) ने अकेला पाकर ढाई साल की भतीजी के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया और उसके बाद स्वयं आत्महत्या कर ली। दहिया ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और बच्ची का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है। मामले में वैधानिक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना का पता चलते ही आरोपी राजेंद्र उर्फ नन्नू मौके से फरार हो गया। पुलिस और ग्रामीणों द्वारा पकड़े जाने के डर से उसने गांव के बाहर एक पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस को सूचना मिलने पर शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि दुष्कर्म का शिकार हुई ढाई साल की मासूम की हालत गंभीर बनी हुई है और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। महिला अस्पताल के सीएमएस राजेश कुमार ने बताया कि बच्ची का उपचार डॉक्टर के पैनल से कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत अभी खतरे से बाहर है।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह का 'फेसबुक' अकाउंट हैक, अलीगढ़ पुलिस ने जांच शुरू की



**अलीगढ़ (उप्र):** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह का 'फेसबुक' अकाउंट हैक हो गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इसमें कोई वित्तीय धोखाधड़ी हुई है या नहीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नीरज कुमार ने बताया कि रिंकू सिंह ने इस सप्ताह की शुरुआत में उन्हें फोन पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट के हैक होने की सूचना दी थी। एसएसपी ने बताया कि इसके बाद क्रिकेटर के भाई सोनू सिंह ने बुधवार को अलीगढ़ के साइबर प्रकोष्ठ में लिखित शिकायत दर्ज कराई और इस मामले में कार्रवाई की मांग की। पुलिस के अनुसार, अलीगढ़ निवासी रिंकू सिंह अपने व्यस्त क्रिकेट कार्यक्रम के कारण पिछले कई महीनों से अपने 'फेसबुक अकाउंट' पर सक्रिय रूप से नजर नहीं रख रहे थे। एसएसपी कुमार ने कहा, 'यह स्पष्ट नहीं है कि 'फेसबुक अकाउंट' कब हैक हुआ। साइबर अपराध शाखा ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।' पुलिस ने बताया कि 'हैकिंग' के स्रोत का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि 'हैकिंग' से किसी तरह का वित्तीय नुकसान तो नहीं हुआ है अथवा खाते का दुरुपयोग तो नहीं हुआ है।

## झारखंड: वंदे भारत एक्सप्रेस के संभावित हादसे को रोकने के लिए रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया गया

**जमशेदपुर:** दक्षिण पूर्वी रेलवे ने शुक्रवार को हावड़ा-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस के संभावित हादसे को टालने में मदद करने वाली त्वरित कार्रवाई के लिए एक कर्मचारी को सम्मानित किया। रेलवे के एक बयान के अनुसार, बृहस्पतिवार को जब ट्रेन झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में एसईआर के चक्रधर डिवीजन के सोनुआ-तुनिया खंड से गुजर रही थी, तब 'पॉइंट्समैन' राजेन कछप ने एक कोच से धुआं उठता हुआ देखा। यह धुआं एक हॉट एक्सल के कारण था। बयान में कहा गया है कि ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों और मंडल नियंत्रण द्वारा तुरंत समन्वित कार्रवाई की गई और ट्रेन को ट्यूनिया स्टेशन पर रोक दिया गया तथा हॉट एक्सल में लगी आग को बुझा दिया गया। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए, असाधारण सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा को मान्यता देते हुए, चक्रधरपुर डिवीजन के संभागीय रेलवे प्रबंधक तरुण हुरिया द्वारा कच्छप को सम्मानित किया गया। हुरिया ने इस स्थिति को कुशलतापूर्वक संभालने में शामिल ड्यूटी पर तैनात सभी रेलवे कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों की भी सराहना की।

## न्यूज इन ब्रीफ

### इंडिगो के विमान में आई तकनीकी समस्या, मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया

**मुंबई:** मुंबई हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान इंडिगो के एक विमान के लैंडिंग गियर लीवर में शुक्रवार को तकनीकी समस्या आ गई, हालांकि विमान को सुरक्षित रूप से उतार लिया गया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि ए321 नियो विमान में 210 से अधिक लोग सवार थे। इंडिगो की ओर से इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

### ओडिशा में एक करोड़ रु के इनामी नक्सली दंपति, 17 अन्य नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया : डीजीपी

**भुवनेश्वर:** ओडिशा में एक माओवादी दंपति और 17 अन्य नक्सलियों ने शुक्रवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। दंपति में से प्रत्येक पर 55.10 लाख रुपये का इनाम था। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वाई बी खुरानिया ने बताया कि यह दंपति भाकपा (माओवादी) के प्रदेश समिति सदस्य निरंजन राउत (45) उर्फ निखिल और उसकी पत्नी रश्मिरा लेंका उर्फ इंदू (42) हैं। इससे पहले, राउत और उसकी पत्नी ने ओडिशा सरकार को एक पत्र लिखकर आत्मसमर्पण करने की इच्छा जताई थी। यहां प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डीजीपी ने कहा कि राउत, लेंका और 13 अन्य ने रायगड़ा के पुलिस अधीक्षक के सामने आत्मसमर्पण किया, जबकि चार अन्य नक्सलियों ने कंधमाल जिले में आत्मसमर्पण किया। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों ने कुछ हथियार और गोला-बारूद भी पुलिस को सौंपे।

### समुद्र तटों पर विदेशियों के साथ जबरन सेल्फी लेने वालों को हिरासत में लिया जाएगा : गोवा

**पुलिस पणजी:** गोवा पुलिस ने राज्य के समुद्र तटों पर विदेशी नागरिकों को परेशान करने वाले घरेलू पर्यटकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। बिना सहमति के विदेशी नागरिकों की तस्वीरें खींचने या जबरन सेल्फी लेने वालों को हिरासत में लिया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घरेलू पर्यटकों द्वारा विदेशी महिलाओं की तस्वीरें खींचने और समुद्र तटों पर सेल्फी लेने के लिए दबाव डालने की कई घटनाएं सामने आने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई है। उत्तरी गोवा के कलांगुट पुलिस ने हाल में ओडिशा के दो पर्यटकों के खिलाफ एक रूसी महिला को समुद्र तट पर कथित तौर पर परेशान करने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

### कश्मीर में रातें ठंडी और दिन गर्म

**श्रीनगर:** कश्मीर में मौसम के औसत से रातें अधिक ठंडी और दिन अधिक गर्म हो रहे हैं और पूरी घाटी में न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से नीचे चला गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने कहा कि कश्मीर में न्यूनतम तापमान मौसम के औसत से एक से तीन डिग्री कम दर्ज किया गया, जबकि बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान भी साल के इस समय के लिए सामान्य से एक से चार डिग्री अधिक था। अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में बृहस्पतिवार रात न्यूनतम तापमान दो डिग्री से अधिक गिरकर शून्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। उन्होंने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 6.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन केंद्र और अमरनाथ यात्रा के लिए आधार शिविर पहलगाम में पारा शून्य से नीचे 7.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जो पहले शून्य से 5.6 डिग्री सेल्सियस नीचे था। इससे यह घाटी में सबसे ठंडी जगह बन गई। दूसरी जगहों में काज़ीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.7 डिग्री सेल्सिस नीचे, कोकरनाग में शून्य से 2.4 डिग्री नीचे और कुपवाड़ा में शून्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। इस बीच, 40 दिन के सबसे कड़ाके की सर्दी के समय, 'चिल्लई-कलां' के खत्म होने के बाद, पिछले शनिवार को 20 दिन का 'चिल्लई खुर्द' का समय शुरू हुआ।

# अग्रिम पंक्ति की सतर्कता को प्रौद्योगिकी से मजबूती दी जानी चाहिए: गृह मंत्री शाह



**जम्मू:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आधुनिक उपकरणों के माध्यम से सीमा सुरक्षा को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि अग्रिम मोर्चों पर तैनात कर्मियों की निरंतर सतर्कता महत्वपूर्ण बनी हुई है, वहीं उन्नत प्रौद्योगिकी से उत्पन्न चुनौतियों का मुकाबला समान रूप से उन्नत तकनीकी समाधानों से किया जाना चाहिए। शाह जम्मू-कश्मीर के कठुआ में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित अग्रिम चौकियों के दौरे के दौरान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों की भूमिका की भी सराहना की। इस अभियान के दौरान जम्मू सीमा पर सीमा के पार 118 दुश्मन चौकियों और तीन आतंकी 'लॉन्च पैड' को नष्ट कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार और बीएसएफ दोनों का साझा उद्देश्य देश की सीमाओं को सुरक्षित रखना है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ साल पहले जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता था, वे आज की चुनौतियों से बिल्कुल अलग हैं। गृह मंत्री ने कहा, कुछ साल पहले सीमाओं पर हमें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता था, वे आज की चुनौतियों से बिल्कुल अलग हैं। मोर्चे पर लगातार सतर्क रहने के लिए आपका समर्पण अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि, उन्नत प्रौद्योगिकी के माध्यम से उभरती चुनौतियों के साथ-साथ, हमें उनका मुकाबला करने के लिए तकनीकी समाधान भी खोजने होंगे। हीरानगर सेक्टर में गुरनाम और बोबियान की सीमा चौकियों के दौरे के दौरान उनके साथ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका और बीएसएफ के महानिदेशक प्रवीण कुमार भी थे। उनकी यह यात्रा सीमा प्रबंधन पर विशेष तवज्जो के बीच हो रही है, जिसका उद्देश्य आतंकवादियों की घुसपैठ और हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकना है। साथ ही, आतंकवाद विरोधी अभियान भी तेज किए गए हैं, जिनमें पिछले दो हफ्तों में कठुआ, उधमपुर और किश्तवाड़ जिलों में लगभग एक दर्जन मुठभेड़ों में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के चार कट्टर पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए हैं। शाह जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर बृहस्पतिवार देर रात यहां पहुंचे और उनका स्वागत उपराज्यपाल सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने किया। अधिकारियों ने बताया कि कठुआ में गृह मंत्री ने बोबियान में सीमा रक्षकों के लिए छह कल्याणकारी योजनाओं का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया। बोबियान में बीएसएफ जवानों को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि वह सीमा निगरानी का जायजा लेने और बल के कर्मियों के साथ सीधे संवाद करने आए हैं। उन्होंने कहा, मैंने यह वादा किया है कि बीएसएफ के 60वें वर्ष को बीएसएफ आधुनिकीकरण और बीएसएफ कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। गृह मंत्रालय की एक टीम इन दोनों पहलुओं पर काम कर रही है।

### शाह ने जम्मू में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की; सेना प्रमुख और शीर्ष अधिकारी उपस्थित रहे

**जम्मू:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की मौजूदा सुरक्षा स्थिति के आकलन के लिए शुक्रवार को यहां सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में समीक्षा बैठक की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब आतंकवाद रोधी अभियान तेज कर दिए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप पिछले दो हफ्तों में जम्मू क्षेत्र के कठुआ, उधमपुर और किश्तवाड़ जिलों में लगभग एक दर्जन मुठभेड़ों के बाद जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े पाकिस्तानी मूल के चार आतंकवादियों को मार गिराया गया। केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में एक महीने के भीतर यह दूसरी सुरक्षा समीक्षा बैठक है। आठ जनवरी को शाह ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा पर दिल्ली में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और आतंकी ढांचे और वित्तपोषण को निशाना बनाते हुए आतंकवाद रोधी अभियानों को मिशन मोड में जारी रखने का निर्देश दिया।

## बच्चों के खिलाफ अपराधों पर काबू के लिए हर जिले में त्वरित अदालत की आवश्यकता : स्वाति मालीवाल



**नयी दिल्ली:** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को यौन अपराधों से बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए जल्दी सुनवाई की खातिर देश के हर जिले में त्वरित अदालत स्थापित करने की मांग की। उच्च सदन में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की फौजिया खान के निजी विधेयक (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (संशोधन) विधेयक 2024) पर चर्चा को आगे बढ़ाते हुए मालीवाल ने पुलिस के लिए संसाधन बढ़ाने और उनकी जवाबदेही तय करने की भी मांग की। यौन हिंसा के पीड़ितों के सामने आने वाली चुनौतियों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि मामलों के निपटारे में बहुत समय लगता है और अदालतों में पाक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत दर्ज तीन लाख से अधिक मामले लंबित हैं। मालीवाल ने कहा, हर जिले में त्वरित अदालत नहीं हैं और जहां हैं भी, वहां न्याय की प्रक्रिया तेज नहीं है। महिलाओं और बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के उपायों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, हर जिले में फास्ट ट्रैक (त्वरित) अदालत होनी चाहिए और उन्हें त्वरित तरीके से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में आधुनिक फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वे प्रयोगशालाएं खराब स्थिति में हैं और वर्षों से नमूने उन प्रयोगशालाओं में बेकार पड़े हुए हैं। मालीवाल ने कहा, यदि फोरेंसिक नमूने समय पर उपलब्ध कराए जाएं, तो अदालतों में मामलों की सुनवाई में तेजी आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक चलने वाले मुकदमों से बलात्कार पीड़ितों की अपने मामलों को लड़ने की क्षमता पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल पुलिस और सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, इसके लिए कानून का ईमानदारी से पालन जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस के संसाधनों में वृद्धि की जानी चाहिए और उनकी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। मालीवाल ने कहा कि पुलिस जांच में कमजोरी, फोरेंसिक प्रयोगशा-लाओं में नमूनों का वर्षों तक बेकार पड़े रहना और पीड़ित लड़कियों के लिए उचित सहायता प्रणाली का अभाव जैसे विभिन्न कारकों के कारण यौन उत्पीड़न के मामलों में केवल 14.3 प्रतिशत दोषसिद्धि हो रही है।

## राजनाथ ने साधु-संतों से सनातन ज्ञान को जनसामान्य के सामने रखने का आग्रह किया



**देहरादून:** साधु-संतों को 'सांस्कृतिक योद्धा' बताते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को उनसे सनातन ज्ञान को सरल और प्रासंगिक रूप से जनसामान्य के बीच प्रस्तुत करने तथा युवाओं से और अधिक संवाद बढ़ाने का आग्रह किया। हरिद्वार में तीन दिवसीय संत सत्यमित्रानंद गिरि महाराज के समाधि मंदिर और मूर्ति अनावरण समारोह के आखिरी दिन अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति आज एक अदृश्य युद्ध के मैदान में है और इस पर कई प्रकार के हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी युवा पीढ़ी अपने स्थानीय त्योहारों, भाषाओं और कलाओं से दूर होती जा रही है। ग्लोबल कल्चर की चकाचौंध हमारी सांस्कृतिक विविधता को लगातार धुंधला कर रही है। हमारे गौरवशाली इतिहास और हमारे महान विभूतियों को जानबूझकर विकृत किया जा रहा है। हमें अपने नायकों से विमुख करने का एक सुनियोजित प्रयास दशकों से चला आ रहा है।' ऐसी परिस्थिति में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की ओर आगे बढ़ने को समय की मांग बताते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि इसके लिए आप सभी संतों से योग्य और कोई नहीं है। उन्होंने कहा, 'आप सभी भारत के सांस्कृतिक योद्धा हैं। आप सभी संत और आचार्य इस पुनर्जागरण के केंद्र हैं। आज जब भौतिकता का अंधकार फैल रहा है, तब आपके मार्गदर्शन की आवश्यकता पहले से कहीं और अधिक बढ़ जाती है।

## लोगों को डिजिटल उपकरणों के बारे में जागरूक करने की जरूरत : मुर्मू



**भुवनेश्वर:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशभर में साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर शुक्रवार को चिंता व्यक्त की और लोगों को डिजिटल उपकरणों के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुर्मू ने कहा कि लोगों में डिजिटल जागरूकता बढ़ाने के लिए वित्तीय साक्षरता को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के कारण लोग अपनी जीवनभर की कमाई खो सकते हैं और मानसिक तथा सामाजिक कष्ट झेल सकते हैं। दूरदराज, आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे नागरिक हैं, जिन्हें डिजिटल उपकरणों की जानकारी नहीं हैं। मुर्मू ने यहां ओडिशा सरकार द्वारा 'ग्लोबल फाइनेंस एंड टेक्नोलॉजी नेटवर्क' (जीएफटीएन) के सहयोग से आयोजित 'ब्लैक स्वान समिट' में कहा, 'इस तरह की धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करने और उन्हें सतर्क और सावधान रहने की आवश्यकता है।' उन्होंने कहा कि केंद्र ने डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों पर लगाम लगाने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं, जिनमें भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र, नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग एवं प्रबंधन प्रणाली और साइबर धोखाधड़ी निवारण केंद्र की स्थापना शामिल है।

## केरल में भूमि अधिग्रहण गंभीर समस्या : रेल मंत्री

**नयी दिल्ली:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि केरल में भूमि अधिग्रहण एक गंभीर समस्या है और विभिन्न परियोजनाओं के लिए अब तक केवल 14 प्रतिशत भूमि का ही अधिग्रहण हो सका है। उन्होंने राज्य सरकार से रेल परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए सहयोग करने का आग्रह किया। उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए वैष्णव ने कहा कि केंद्र की (नरेन्द्र) मोदी सरकार ने इस वर्ष केरल के लिए कुल 3,795 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए आवंटन से दस गुना अधिक है। उन्होंने कहा, भूमि अधिग्रहण एक गंभीर समस्या है और इसके लिए मिलने वाला सहयोग बहुत कम है। केवल 14 प्रतिशत भूमि का ही अधिग्रहण हो सका है। यदि राज्य सरकार सहयोग नहीं करेगी तो हम परियोजनाओं को आगे कैसे बढ़ाएंगे और रेलवे लाइन कैसे बिछाएंगे? कम से कम राज्य सरकार से इस प्रकार का सहयोग अपेक्षित है। रेल मंत्री ने कहा कि केरल में रेलवे के विकास के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। जैसा कि हम जानते हैं, इस बजट में केरल में रेलवे के विकास के लिए रिकॉर्ड आवंटन किया गया है। यह आवंटन 3,795 करोड़ रुपये है, जो कांग्रेस सरकार के समय के आवंटन से दस गुना अधिक है।'' उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, जिस तरह से परियोजनाएं शुरू की गयी हैं, उससे केरल में रेलवे लाइनों की क्षमता लगभग दो-गुनी हो जाएगी।

## महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में मुठभेड़ में शीर्ष नक्सली प्रभाकर समेत सात माओवादी मारे गए

**गढ़चिरौली (महाराष्ट्र):** पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में शीर्ष नक्सली प्रभाकर समेत सात माओवादी मारे गए जबकि पहली मुठभेड़ के दौरान घायल हुए एक जवान ने दम तोड़ दिया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि ये अभियान तीन दिन से जारी था। अधिकारियों ने बताया कि प्रभाकर उर्फ लोकेती चंद्र राव तेलंगाना के कामारेड्डी का रहने वाला था और उस पर 25 लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने बताया कि भागमरागड के एसडीपीओ के नेतृत्व में गढ़चिरौली पुलिस की एक विशेष नक्सल-रोधी टीम 'सी-60' की 14 इकाइयों को शामिल करते हुए यह अभियान मंगलवार को गढ़चिरौली-नारायणपुर (छत्तीसगढ़) सीमा पर फोडेवाड़ा गांव के पास माओवादियों की कंपनी नंबर 10 के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद शुरू किया गया। पुलिस ने बुधवार को दो नक्सली शिविरों का भंडाफोड़ किया था और बृहस्पतिवार सुबह सी-60 की चार और इकाई तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की क्यूएटी की एक इकाई तैनात की गई।

## आरएसएस ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक 'ध्वज यात्रा' शुरू की



**श्रीनगर:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने संगठन के बारे में फैली 'गलतफहमियों'' को दूर करने के लिए शुक्रवार को कश्मीर से कन्याकुमारी तक 'ध्वज यात्रा' शुरू की। यात्रा की प्रतीकात्मक शुरुआत ऐतिहासिक लाल चौक से हुई और इसका समापन पर्यटक स्वागत केंद्र पर हुआ, जहां से प्रतिभागी आगे देश के अन्य हिस्सों की यात्रा के लिए वाहनों में सवार हुए। यात्रा में शामिल हो रहे प्रतिभागी वीर कपूर ने कहा, 'इस यात्रा का उद्देश्य उन गलतफहमियों को दूर करना है कि आरएसएस कुछ खास लोगों के खिलाफ है। हम उन लोगों तक असली इतिहास भी पहुंचाना चाहते हैं, जिन्हें अब तक इतिहास तोड़-मरोड़कर ही बताया गया है।' उन्होंने कहा कि आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने और संगठन द्वारा किए गए कार्यों का उत्सव मनाने के लिए 'शतक' नामक फिल्म बनाई गई है जो 19 फरवरी को रिलीज होगी।

## कोयला खदान विस्फोट के बाद सात और शव मिले, मृतकों की संख्या बढ़कर 25 हुई



**शिलांग:** मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स में एक अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट की घटना में शुक्रवार को सात और शवों की बरामदगी के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आई नोंगरंग ने यह जानकारी दी। यह विस्फोट बृहस्पतिवार को थांगस्कू इलाके में स्थित अवैध कोयला खदान में हुआ था, जिसके बाद प्रशासन ने व्यापक स्तर पर खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया। बृहस्पतिवार को 18 शव बरामद किए गए थे। नोंगरंग ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, आज सात और शव बरामद किए गए हैं जिससे मृतकों की कुल संख्या 25 हो गई है। इनमें से 12 शवों की पहचान हो चुकी है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), विशेष बचाव दल और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें तलाश अभियान में जुटी हुई हैं। मौके पर मेडिकल टीमें और एंबुलेंस भी तैनात की गई हैं। डीजीपी ने कहा, तलाश अभियान जारी है और शेष संभावित पीड़ितों का पता लगाने तथा शवों की पहचान की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## सहमति के आधार पर बालिगों को शादी का संवैधानिक अधिकार, माता-पिता हस्तक्षेप नहीं कर सकते: अदालत



**नयी दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि वयस्कों को सहमति के आधार पर एक-दूसरे से शादी करने का संवैधानिक अधिकार है और समाज, राज्य मशीनरी या खुद उनके माता-पिता इस निर्णय में हस्तक्षेप नहीं कर सकते। अदालत ने यह आदेश एक दंपति की उस याचिका पर पारित किया, जिसमें उन्होंने युवती के पिता से सुरक्षा की गुहार लगाई थी। युवती का पिता इस रिश्ते के खिलाफ था। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने दंपति को पुलिस सुरक्षा प्रदान करते हुए कहा कि विवाह का अधिकार मानव स्वतंत्रता और व्यक्तिगत चुनाव का हिस्सा है, जो संविधान के अनुच्छेद 21 और मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा का एक अहम पहलू है। अदालत ने दो फरवरी को पारित अपने आदेश में कहा, 'चूंकि याचिकाकर्ता दोनों बालिग हैं और उन्हें सहमति से शादी करने का पूरा अधिकार है। दोनों ने स्वेच्छा से एक-दूसरे का हाथ थामकर विवाह के पवित्र बंधन में बंधकर जीवन भर साथ चलने का फैसला किया है, इसलिए अब से कोई भी, समाज, राज्य तंत्र या यहां तक कि उनके माता-पिता, रिश्तेदार या दोस्त भी याचिकाकर्ताओं के इस फैसले में किसी भी तरह से हस्तक्षेप नहीं कर सकते।'

## अमेरिका से 2025 में 3,800 से अधिक भारतीय नागरिकों को देश वापस भेजा गया : सरकार

**नयी दिल्ली:** सरकार ने राज्यसभा को बताया कि 2025 में अमेरिका से 3,800 से अधिक भारतीय नागरिकों को स्वदेश वापस भेजा गया। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने एक लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए बताया कि इनमें 3,414 भारतीय वह भी हैं जिन्हें दिसंबर मध्य तक वॉशिंगटन से भारत भेजा गया। कांग्रेस सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला ने पिछले पांच वर्षों में अमेरिका और अन्य देशों से वापस भेजे गए भारतीय नागरिकों की संख्या, नाबालिग और युवा नागरिकों की सुरक्षा के लिए ट्रैवल एजेंसियों का पंजीकरण या लाइसेंसिंग जैसे उठाए गए कदम और 'डंकी रूट' के जरिए होने वाले अवैध प्रवासन को कम करने के लिए उपाय के बारे में जानकारी मांगी थी। 'डंकी रूट' का आशय किसी देश में गैर कानूनी ढंग से प्रवेश करने का है। सुरजेवाला ने कहा कि भारत सरकार अमेरिका और अन्य विदेशी सरकारों के साथ मिलकर भारतीय नागरिकों को वापस भेजे जाने वाले सभी मामलों में काम करती है। सिंह ने कहा कि वापस भेजे जाने के दौरान भारतीय नागरिकों के साथ, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के मामले में मानवीय और सुरक्षित व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए अमेरिकी अधिकारियों से लगातार संवाद किया जा रहा है।

## राज्यसभा में पेश हुए 31 निजी विधेयक, एक गैर-सरकारी विधेयक वापस लिया गया

**नयी दिल्ली:** राज्यसभा में शुक्रवार को गैर-सरकारी कामकाज के तहत कुल 31 निजी विधेयक पेश किए गए जबकि एक निजी विधेयक सदन की अनुमति से वापस ले लिया गया। भोजनावकाश के बाद उच्च सदन में गैर-सरकारी कामकाज के तहत इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के हारिस बीरन एवं शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी ने तीन-तीन निजी विधेयक पेश किए। तेलुगु देशम पार्टी के मस्तान राव यादव बीधा व आम आदमी पार्टी के संत बलवीर सिंह ने एक-एक निजी विधेयक पेश किए। इसी दौरान मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) सदस्य ए ए रहीम, भाजपा के संजय सेठ और मनोनीत सतनाम सिंह संधू ने तीन-तीन, आम आदमी पार्टी की स्वाति मालीवाल ने दो तथा राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार झा ने एक निजी विधेयक पेश किए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की फौजिया खान ने एक, भाजपा के अजीत माधवराव गोपछड़े ने तीन, द्रमुक के पी विलसन ने दो, भाजपा के सुजीत कुमार ने दो, राजद के ए डी सिंह ने एक तथा निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा ने दो निजी विधेयक पेश किए। भारतीय जनता पार्टी के भीम सिंह ने पूर्व में पेश किए गए अपने निजी विधेयक शहरी क्षेत्र (विकास एवं नियमन) विधेयक को सदन की अनुमति से वापस ले लिया।

# भारत ने साहसिक लक्ष्य निर्धारित किए हैं, अब उन्हें पूरा करना होगा: अंतरिक्ष यात्री



**पणजी:** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने अपने लिए 2047 तक विकसित भारत बनने से लेकर महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष अभियानों तक साहसिक लक्ष्य निर्धारित किए हैं। उन्होंने जोर दिया कि इन आकांक्षाओं को साकार करना नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। 'नेशनल बुक ट्रस्ट' द्वारा पणजी में आयोजित गोवा पुस्तक महोत्सव 2026 के दौरान छात्रों से बातचीत करते हुए भारतीय वायु सेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने अपने अंतरिक्ष मिशन और उसकी तैयारियों से जुड़े कई किस्से साझा किए। शुक्ला ने कहा, ''भारत ने 2047 तक विकसित भारत बनने से लेकर अंतरिक्ष अभियानों तक बहुत साहसिक लक्ष्य निर्धारित किए हैं। लेकिन हम इन्हें कैसे हासिल कर पाएंगे? हम सभी को इन्हें संभव बनाना होगा।' साथ ही उन्होंने कहा, 'आप सभी को यह जिम्मेदारी निभानी होगी। शुक्ला ने कहा कि भारत पहले से ही गगनयान मिशन पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हम अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन तैयार करने की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसके बाद चंद्रमा के लिए अभियान होगा।' गगनयान परियोजना एक महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम है जिसके तहत तीन सदस्यीय दल को 400 किलोमीटर की कक्षा में तीन दिवसीय अभियान पर भेजा जाएगा। छात्रों का जिक्र करते हुए शुक्ला ने कहा कि वह उनमें से किसी एक को चंद्रमा पर कदम रखने वाला पहला भारतीय बनते देखना चाहते हैं, चाहे वह लड़का हो या लड़की। उन्होंने अपने एक्सिओम-4 मिशन के दौरान बनाए गए कुछ वीडियो के साथ-साथ अंतरिक्ष से पृथ्वी के दृश्य भी दिखाए। शुक्ला पिछले साल जुलाई में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिन बिताने के बाद पृथ्वी पर लौटे थे। राकेश शर्मा की 1984 की उड़ान के बाद वह 'एक्सिओम-4' मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बने।

## स्कूल में ड्यूटी करने से डर रही हैं प्रधानाध्यापिका

कोल्लम (केरल), छह फरवरी (भाषा) केरल के एक सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल में दो दिन पहले चूड़ीदार पहनने के कारण कथित तौर पर प्रवेश करने से रोकी गई प्रधानाध्यापिका ने शुक्रवार को दावा किया कि स्कूल प्रबंधक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई नहीं किए जाने की वजह से उन्हें वहां काम जारी रखने से डर लग रहा है। प्रधानाध्यापिका ने घटना के पीछे प्रबंधक का हाथ होने का आरोप लगाया। प्रधानाध्यापिका सिंधु एस. नायर ने एक टेलीविजन चैनल के साथ बातचीत में दावा किया, 'सुरक्षा गार्ड शशांक को प्रबंधक ने नियुक्त किया था और वह स्थायी कर्मचारी नहीं था। उसे गिरफ्तार करके एक तरह का छलावा रचा गया है। उसने खुद कहा कि उसने प्रबंधक के निर्देशों पर काम किया था, फिर भी प्रबंधक को शुरू में आरोपी नहीं बनाया गया।' नायर ने कहा कि उन्हें संदेह है कि स्कूल प्रबंधन उनसे बदला लेने की फिराक में है और उन्होंने दोहराया कि वह ''वर्तमान परिस्थितियों में स्कूल में काम जारी रखने से डरती हैं।' उनकी टिप्पणियों के बाद पुलिस ने स्कूल प्रबंधक को इस मामले में आरोपी के रूप में नामित किया। कोट्टारक्कारा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शुरू में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 126 (गलत तरीके से रोकना) और 79 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द या कार्य) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्रबंधक को आरोपी के रूप में शामिल किए जाने के बाद अधिनियम की धारा 49 (उकसाना) और 3(5) भी लागू की गई। अधिकारियों के अनुसार, नायर को बुधवार सुबह लगभग नौ बजे स्कूल पहुंचते ही स्कूल प्रबंधक के निर्देश पर सुरक्षाकर्मियों ने परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को बुलाया और कोट्टारक्कारा थाने के अधिकारियों के आने के बाद ही उन्हें स्कूल में प्रवेश करने की अनुमति मिली। टेलीविजन पर दिखाए गए दृश्यों में प्रधानाध्यापिका को स्कूल के गेट के बाहर मिड डे मील के लिए लाए गए अंडों की ट्रे लिए बैठा हुआ देखा जा सकता है। स्कूल प्रबंधक ने अब तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। पुलिस और जिला शिक्षा कार्यालय (डीईओ) के अधिकारियों ने कहा है कि स्कूल प्रबंधक को प्रधानाध्यापिका को स्कूल में प्रवेश करने से रोकने का कोई अधिकार नहीं है।

